भजन साहिब जी के

भजन 1 (भाग–1)

क्यूं अकेला छोड़ दिया है – 2 मुझको इस अंधकार में – 2
यहां तो सब ही जाग रहे हैं – 2 चांद तारों के लिए – 2

1 झूठा ये संसार सारा – 2 झूठा ये परिवार है – 2
झूठे जग के रिश्ते नाते – 2 झूठा ही दरबार है – 2
मैं किसी को कैसे जानूं – किस गली बाज़ार में – क्यूं अकेला ––

2 मंदिर देखे तीर्थ देखे – 2 ऋषि–मुणि भी ध्यान में – 2
झूठी जग की प्रीत देखी – 2 झूठा सब प्रचार है – 2
सच्ची भक़्ति प्रीत देखूं – किस मंदिर दरबार में – क्यूं अकेला ––

3 विपति आए धन ले जाए – 2 रक्खे जो भी लाखों करोड़ – 2
यह माया कोई जाने नांहि – 2 पल पल बड़ें करोड़ – 2
मैं क्या बोलूं क्या अच्छा है – क्या अंदर क्या बाहर – क्यूं अकेला ––

4 बिगड़ी बात बने तो नांहि – 2 बिन संतन की औट – 2
जैसे फटे दूध का – 2 कोई ना करता मोल – 2
संतन पास डौर ऐसी – जोड़ें अंदर बाहर – क्यूं अकेला ––

5 साहिब छवि नैनन बसी – 2 ओर छवि कहां समाए – 2
अब जो भी आए पथिक – 2 खाली हाथों जाए – 2
संत रहते पास जब है – जोड़ें सुरति आप – क्यूं अकेला ––

6 जो संतन जग मारयो – 2 सुरत सुरंगा बाण – 2
बान अकेला रह गया – 2 पायो पद निर्वाण – 2
संतन के नैनन में ज्योति – जोड़े सुरति श्वांस – क्यूं अकेला ––

7 जो साहिब गति सुरति की – 2 संतन की गति सोहे – 2
जिस घर में वे पग धरें – 2 पल में चानन होए – 2
संत के चरणों में ज्योति – छूते छूटें विकार – क्यूं अकेला ––

8 संत धोबी शिष्य कापड़ा – 2 साबुन सिरजन हार – 2
सुरत सिला पर धोईए – 2 निखरे रंग अपार – 2
संत के हाथों में है ज्योति – जिसके गुण अपार – क्यूं अकेला ––

क्यूं अकेला छोड़ दिया है – 2 मुझको इस अंधकार में – 2
यहां तो सब ही जाग रहे हैं – 2 चांद तारों के लिए – 2

–0–

भजन 2 (भाग–2)

क्यूं अकेला छोड़ दिया है – 2 मुझको इस अंधकार में – 2
यहां तो सब ही जाग रहे हैं – 2 चांद तारों के लिए – 2

1 साधो सुरति प्रेम की – 2 मत तोड़ो झटकाए – 2
टूटे फ़िर ये ना जुड़े – 2 जुड़े गांठ पड़ जाए – 2
प्रेम गली अति सांकरी – जां में दो ना समाए – क्यूं अकेला ––

2 साहिब ऐसे हो रहिए – 2 जैसे कख दरबार – 2
पैरां हेठ लताड़िये – 2 तेरे नाल संतन सूं प्रीत – 2
संतन धूली माथे लगी – सुरति चली निजधाम – क्यूं अकेला ––

3 कया करूं बैकुण्ठ जाकर – 2 कल्प वृक्ष की छांव में – 2
दास को निज घर है जाना – 2 जहां से हंसा आया – 2
आत्म में मन वासा है – मन जाए हंसा बने – क्यूं अकेला ––

4 जांऊ शरणागति साहिब की – 2 भव सागर की नाव – 2
साहिब कहें जग उद्धार का – 2 नहीं कोई ओर उपाए – 2
जीव में मन प्राण हैं – दोनों जांए हंस बने – क्यूं अकेला ––

5 चरण छुए मस्तिक छुए – 2 छुए आत्म ध्यान – 2
ऐहों छूवत संत छोड़ दे – 2 कुछ भी रहे ना पास – 2
साहिब जी जब संग में – सुरति भी तेरे पास – क्यूं अकेला –

6 साहिब हैं मुक़्ति के दाता – 2 चाभी उनके हाथ में – 2
जिस पे वे रहमत करें – 2 पद पायो निर्वाण – 2
हंस बन सत्तलौक सिधाए – जन्म मरण से पार – क्यूं अकेला

7 अमर लौक है घर हमारा – 2 झूठा ये संसार – 2
सार सब्द की दात पाले – 2 जो है संतन पास – 2
सार सब्द निज औषधि – काटे काल जंजाल – क्यूं अकेला ––

क्यूं अकेला छोड़ दिया है – 2 मुझको इस अंधकार में – 2
यहां तो सब ही जाग रहे हैं – 2 चांद तारों के लिए – 2 – क्यूं अकेला ––

–0–

भजन 3

शब्द शब्द सब कोई कहे – वह तो सब्द विदेह
जीवा पर आवे नहीं – निरख़ परख़ के ले –– साहिब जी ––

1 औंकार है वेद का मूला – साहिब को है सब जग भूला
है काल ही औंकार – जिसे पूजे सकल संसार –– साहिब जी ––
2 गुप्त भयो है संग सब के – मन स्वरूपी निरंजन सब पूजें
सुन्न गुफ़ा में निवास कीना – सब जीव गये भरमाऐ –– साहिब जी ––
3 गुप्त निरंजन संग सब के – मन ही करावे सब काम
आप चलावे आप मिटावे – दुखों से भरा सब संसार –– साहिब जी ––
4 पाप पुण्य यहां कर्म पसारा – जो बीजो सो होए तुम्हारा
पूर्ण संत जब तुम पायो – पूर्ण हंसा हो रूप तुम्हारा –– साहिब जी ––
5 करो कमाई जो कुछ – कभी ना निष्फल जाऐ
संत के चरणों में बैठ कर – अर्पण करें जो है तुम्हारा –– साहिब जी
6 संतन वाणी रत्न जवाहर मानक – आत्म मन छोड़े हंसा बन जाऐ
सात सुरत से हो शादी – हंसा संग निज घर को जाऐ –– साहिब जी –
7 संत हैं कंडा तोल तराजू – आप ही झोली भरता जाऐ
जो भी आए ईस घर अंदर – पल में अमृत वर्षा पा जाऐ –– साहिब जी
8 कबीर सत्तपुरूष के रूठते – संतन शरणी जाऐ
कहे कबीर संत रूठते – सत्तपुरूष ना होत सहाऐ –– साहिब जी ––
9 सुरति सब्द में जोड़ दे – खुलें सुष्मिन द्वार
उल्टी हो जाऐ सुरति – करो संतन दिदार –– साहिब जी ––
10 सुरत सब्द में ध्यान दो – पहुंचो सुरत कमल दरबार
संतन चरणन में सर धरो – पाओ जोत अपार –– साहिब जी ––

भजन 4 (भाग–1)

अव्वल संत कबीर – दूजे रामानंद
तां से सार सब्द प्रकट भयो –सात द्वीप नौ खण्ड –– साहिब जी ––

1 अनंत कोटि ब्राह्मण्ड में – निःअक्षर सब्द प्रकटायो (सत्तपुरूष का)
साहिब ही सत्तपुरूष रूप हैं – जननी जना ना पाय
जो जन इनको जान ले – परम मोक्ष पा जाऐ –– साहिब जी ––

2 कोई कोई संत सत्तलौक से ही आता – करें जगत कल्याण
इनकी महिमा क्या कोई जाने – जिन के गुण अनेक
जो कोई आऐ शरण में इनकी – कटें कर्म क्लेश –– साहिब जी ––

3 पूर्ण संत बिना इस जग अंदर – छूटे एको नांहि
जग में संत बिन कोई बिरला ही – काटे कर्म क्लेश
बिन संतो की शरण सब – अटके रहें जग मांहि –– साहिब जी ––

4 दादू संत नाम जहाज पर – गये समुंद्र तीर
सार नाम जिन पाया – गये समुंद्र तीर
सार नाम की दात को पाकर – बने सभी महान –– साहिब जी ––

5 दरिया घाट पर वस्त्र जो धोता – धोबी ही कहलाऐ
सार सब्द की दात जो देता – वही संत्त कहलाऐ
सार सब्द सत्तपुरूष का वासा – सोहि नाम जहाज –– साहिब जी ––

6 चिंता तो सत्तनाम की – और ना चितवे दात
जो कुछ चितवे नाम बिन – बने काल का ग्रास
सत्तनाम निज सार है – सब शब्दों का सार –– साहिब जी ––

7 संत्त समान जग कोई नहीं – प्रेमी शिष्य समान
अमरलोक की संपदा – संतन दीनी दान
अमरलोक अमृत की वर्षा – पड़ती मुख में आन –– साहिब जी ––

अव्वल संत कबीर – दूजे रामानंद
तां से सार सब्द प्रकट भयो –सात द्वीप नौ खण्ड –– साहिब जी ––

–0–

भजन 5 (भाग–2)

अव्वल संत कबीर – दूजे रामानंद
तां से सार सब्द प्रकट भयो –सात द्वीप नौ खण्ड –– साहिब जी ––

1 सार सब्द को पाऐ कर – मिटे रोग संताप
मनवा तो शीतल भयो – हंस चलयो आकाश
मन गया हंसा बना – यही सुरति का काज –– साहिब जी ––

2 शीष उतारे भुई धरे – तां पर राखें पांओं
कहे कबीर धर्म दास सूं – ऐसा होए तो आओ
चाह गई चिंता गई – तभी काज सब होए –– साहिब जी ––

3 नाम वंत जग लाखों हैं । ध्यान वंत अनेक
जो कोई गुरूवंता बने – उससे बड़ा ना एक
संतन की सेवा करे – परम पद को पाए –– साहिब जी ––

4 दिव्य दृष्टि से दर्शन करें – दिन में कंई कंई बार
पल पल उनके दर्शन में – बीतें पल हज़ार
उन से प्रीति ऐसी हो – हर सांस बसें वह आप –– साहिब जी ––

5 स्वामी से सेवक बड़े – जैसे कृष्ण राधा के संग
जब राधा सुरति धरे – कृष्ण भी होते संग
काल और स्थान को – मीरा किया सब पार –– साहिब जी ––

6 अंदर से सब पाईए – बाहर से कूड़ व्यवहार
अंदर तेरे हीरे मोती – बाहर मन व्योपार
अंदर तेरे अपने हैं – बाहर सपने हज़ार –– साहिब जी ––

अव्वल संत कबीर – दूजे रामानंद
तां से सार सब्द प्रकट भयो –सात द्वीप नौ खण्ड –– साहिब जी ––

–0–

भजन 6 (भाग–1)

जीवन का मैनें सौंप दिया – सब भार तुम्हारे हाथों में
उद्धार पतन अब मेरा है – दातार तुम्हारे हाथों में

1 है तुझ में मुझ में भेद यही – मैं साधक हूं तुम साहिब हो
मैं हूं इस काल के हाथों में – है काल तुम्हारे हाथों में
ये भेद अगर कोई जान सके – पल में वो भगत बन जाएगा
जीवन का मैनें ——

2 पूर्ण संत ही सच्चे दाता हैं – और खुद ही जगत विधाता हैं
वह पारस बन जग आते हैं – तुम उनसे ही बन जाते हो
वह सुरत सब्द की ज्योति से – तुम्हें ऐसा रूप दे जाते हैं
जीवन का मैनें ——

3 तुम कंई जन्मों से बिछड़े हो – और जन्म जन्म के प्यासे हो
जे पूर्ण संत जान सको – जन्मों जन्मों की प्यास बुझे
इक संत ही जग में ऐसे हैं – जो सुरत जहाज चलाते हैं
जीवन का मैनें ——

4 तुम तर्क तम्मा में जीते हो – इस झूठी माया के सपने में
तुम 'मैं' को अपनी जान सको – पल में बंधन छुट जाते हैं
जे संत की शरणी में सर को – इक बार झुकाना आ जाए
जीवन का मैनें ——

5 श्रद्धा की दौलत तुम्हारी है – जो संग में अपनी लाए हो
इसी के सहारे जीवन में – तुम खोया हुआ सब पाते हो
ये तुम को पार लगाती है – पल पल में राह दिखाती है
जीवन का मैनें ——

6 ये सब जग राख की ढेरी है – इस में ही सभी समाते हैं
आशा तृष्णा को संग लिए – तुम बार बार जग आते हो
जो आशा तृष्णा को तज दे – वो फिर नहीं जग में आता है
जीवन का मैनें ——

जीवन का मैनें सौंप दिया – सब भार तुम्हारे हाथों में
उद्धार पतन अब मेरा है – दातार तुम्हारे हाथों में

—0—

भजन 7 (भाग–2)

जीवन का मैनें सौंप दिया – सब भार तुम्हारे हाथों में
उद्धार पतन अब मेरा है – दातार तुम्हारे हाथों में

1 जिस दिन जग में बस एक दिखे – तन मन से पार हो जाओगे
तुम जागे हुए कहलाओगे – सुरति की धुन में गाओगे
अब सुरत सब्द में खो कर ही – अंदर की जोत जगाओगे
जीवन का मैनें ———

2 जिस के मन में जब प्रेम जगे – वो खुद प्रेमी बन जाता है
जब प्रेम ही केवल शेष बचे – वो प्रेम जोत बन जाता है
अब किस ने किस को पाना है – जब दोनों संग समाते हैं
जीवन का मैनें ———

3 सत्यम शिवम सुंदरम से पार हो जो – वो पूर्ण आनंद को पाते हैं
जब पूर्ण से ही पूर्ण हो – सागर ही वह कहलाते हैं
अब हंस ही संग साहिब के – साहिब ही कहलाते हैं
जीवन का मैनें ———

4 बिन पूर्ण संत और सार सब्द – कुछ भी नहीं हाथ में आता है
जब सार सब्द की दौलत हो – तन मिटता है मन खो जाता है
अब हंस ही केवल शेष बचे – जो अंग संग साहिब को पाता है
जीवन का मैनें ———

5 अब चारों ओर हरियाली है – और हर मौसम इक दृष्टा है
अब हर जीव एक ही ज्योति है – और हर प्राणी तेरा हंसा है
अब और तो जग में है ही नहीं – जो तुझ बिन तुझ को दिखता है
जीवन का मैनें ———

6 अब सच को पूरा जाना है – और खुद को भी पहचाना है
अब तुझ में और संतन में – कोई भेद नज़र नहीं आता है
अब दो नैनन के आंसू बन के – आत्म की शुद्धी होती है
जीवन का मैनें ———

7 अब आंसू शेष ही रह जाते हैं – जो झरना बन कर बहते हैं
अब हंसा ही केवल अंदर – जो परम हंस बन जाते हैं
पल ही पल में हंसा ज्योति – निज रूप में जा समाती है
जीवन का मैनें ———

जीवन का मैनें सौंप दिया – सब भार तुम्हारे हाथों में
उद्धार पतन अब मेरा है – दातार तुम्हारे हाथों में

—0—

भजन 8 (भाग—1)

क्यूं छोड़ा हंसों को इस त्रिलोकी में
खुद तो चुप हो बैठे हम को ठुकरा के
कहां खोए मेरे साहिबा – हम को ठुकरा के

1 तेरे मिलन के सपने सच्चे – सच्ची तेरी यादें हैं
झूठे जग के सब रिश्ते हैं – झूठी प्यार की रस्में हैं
सच्चा प्यार सिखा के – इस त्रिलोकी में
क्यूं छोड़ा हंसों को ———
2 हम में अपना रूप बसा कर – हम को अकेला छोड़ दिया
लेकर हमसे प्यार की दुनियां (सत्तलौक) – हमको तड़पता छोड़ दिया
हम को प्यार सिखा के – इस त्रिलोकी में
क्यूं छोड़ा हंसों को ———
3 मांगी थी चरणों की सेवा – हमने सेवा के बदले
सेवा स्मिरण प्यार और यादें – दे गये सेवा के बदले
सच्ची प्रीत सिखा के – इस त्रिलोकी में
कयूं छोड़ा हंसों को ———
4 बिन आहट के जाने क्यों – वो हमको अकेला छोड़ गये
ग़म से भीगा हर हंसा – संतों के लिए ही छोड़ गये
सच्चा रूप दिखा के – इस त्रिलोकी में
क्यूं छोड़ा हंसों को ———
5 बिन मांगे हमने यहां पाया – तन मन अपने संग यहां
मन हमको पल पल भरमाता – आत्म उलझाने के लिए
कैसे छूटे तन–मन – इस त्रिलोकी में
क्यूं छोड़ा हंसो को ———

6 बिन मांगे स्वर्ग और पाताल – मृत्यू खंड में अकेला छोड़ दिया
चौरासी में फंसा हर प्राणी – केवल दुख पाने के लिए
कैसे छूटे काल–जाल – इस त्रिलोकी में
क्यूं छोड़ा हंसों को ———

7 जोगी, यति और सन्यासी – ये सब काल से हैं बेहाल
जारी जारी भस्म करी डारे – आवागमण करे बेहाल
संत ही बंधन आन छुड़ावें – इस त्रिलोकी में
क्यूं छोड़ा हंसों को ——

8 काल जाल से बचना चाहो – गाओ सब्द तत्कारा
संत ही केवल आन छुड़ावें – दे सब्द यही प्यारा
सत्तसब्द ही अमर बनावे – इस त्रिलोकी में
क्यूं छोड़ा हंसों को ———

9 आप ही रचियता 'मन' के – 'निरंझन' जिन को नाम दिया
उन्हीं के हाथों सब हंसों को – करनी के हाथों छोड़ दिया
क्यूं भरमों में डाला – इस त्रिलोकी में
क्यूं छोड़ा हंसों को ———

क्यूं छोड़ा हंसों को इस त्रिलोकी में
खुद तो चुप हो बैठे हम को ठुकरा के
कहां खोए मेरे साहिबा – हम को ठुकरा के

—0—

भजन 9 (भाग–2)

नहीं छोड़ा हंसों को इस त्रिलोकी में
नहीं मैं चुप हो बैठा तुम को ठुकरा के
नहीं मैं कहीं भी खोया – तुम को ठुकरा के

1 मेरी तो बस इतनी चाह थी – तुम जग में खुशहाल रहो
चक्रव्यूह है रचा निरंझन – जिसमें रहते तुम बेहाल
तुझको सुरति दी है – इस त्रिलोकी में
नहीं छोड़ा हंसों को ———

2 वचन दिया निरंकार को मैनें – उस को तो नहीं तोड़ सकूं
वचन तो मेरा पूरा होगा – सब हंसों को हर लूंगा
सच्ची बात को जानो – इस त्रिलोकी में
नहीं छोड़ा हंसों को ———

3 मैं हूं रचियता तीन लौक का – निरंकार है रखवाला
गुप्त रूप में संग तुम्हारे – मन ही उसने नाम दिया
तन मन को बस छोड़ो – इस त्रिलोकी में
नहीं छोड़ा हंसों को ——

4 हंसा तूं तो अमरलौक का – पड़ा काल वस आई
तीन–पांच–पच्चीस का पिंझरा– जा में गया भरमाई
हंसा बन घर तुम आओ – इस त्रिलोकी से
नहीं छोड़ा हंसों को ———

5 तन मन की प्रीत में पड़ कर – भूल गये अविनाशी को
तुम तो हो उस देश के वासी – जहां साहिब जी वासा है
सच्चे साहिब को जानो – इस त्रिलोकी में
नहीं छोड़ा हंसों को ———

6 जो ज्ञानी हो संत का प्यारा – काम क्रौध से हो न्यारा
उन को ध्यान सब्द अधिकारी – काम क्रौध मद्य् छूट गये
सच्चे संत को जानो – इस त्रिलोकी में
नहीं छोड़ा हंसों को ———

7 थोड़ा प्रेम जगा कर देखो – संग में तेरे रहता हूं
तेरे तुझ को दुख जो दिखते – मैं ही केवल सहता हूं
तुम जो मुझसे पीठ किए हो – इस त्रिलोकी में
नहीं छोड़ा हंसों को ———

8 नाम ध्याय हंसा घर आए – फिर कुछ कारज शेष नहीं
संत साहिब तो एक हैं – पा लो सच्चा ज्ञान
हंसा बन घर को तुम आओ इस त्रिलोकी से
नहीं छोड़ा हंसों को ———

9 दूध रूप मिला तुझे जग में – शुद्ध घी ही बन जाना है
यही चक्र व्यूह रचा निरंझन – जिस को तूने ना जाना है
चक्रव्यूह को जानो इस त्रिलोकी में
नहीं छोड़ा हंसों को ———

10 जे तूं पा ले सत्त सब्द को – पल में छूटे काल
तेरा दुख दरिद्र जाए – पहुचों साहिब दरबार
पल में हर दे दुख सारे इस त्रिलोकी से
नहीं छोड़ा हंसों को ———

Sनहीं छोड़ा हंसों को इस त्रिलोकी में
नहीं मैं चुप हो बैठा तुम को ठुकरा के
नहीं मैं कहीं भी खोया – तुम को ठुकरा के

—0—

भजन 10

हम वासी उस देश के – जहां रहते परम पुरूष प्यारे – 2 साहिब जी ——

1 जो देते वह प्यार से – सब हंसा मिल खा लेते – 2 साहिब जी ——
2 हम वासी उस देश के – जहां जात वरण कुल नांहि – 2 साहिब जी ——
3 सब्द मिलावत होत है – देह मिलावा नांहि – 2 साहिब जी ——
4 बिन बादल जहां बिजली चमके – बिन सूरज उजियारा – 2 साहिब जी ——
5 सीप बिन जहां मोती उपजे – सूर्य बिन सब उजियारा – 2 साहिब जी——
6 ज्योति लगे ब्रह्म जहां दरशे – आगे अगम अपारा – 2 साहिब जी ——
7 कहत कबीर सुनो भई साधो – भूजे गुरू मुख प्यारा – 2 साहिब जी——
8 महरमी होया तो जानो संतो – ऐसा देश हमारा – 2 साहिब जी ——
9 निराकार आकार ना ज्योति – ना तंह वेद विचारा – 2 साहिब जी ——
10 औंकार कर्त्ता तहां नांहि – नांहि तंह काल पसारा – 2 साहिब जी ——
11 वह साहिब सब संत पुकारें – और पाखण्ड है सारा – 2 साहिब जी ——

हम वासी उस देश के – जहां रहते परम पुरूष प्यारे – 2 साहिब जी ——

—0—

भजन 11

धन्य धरि सोई जहां सत्संग
धन्य धन्य साहिब–भक्ति सबंग

1 परहित सरित धर्म नहीं कोई – पर पीड़ा सम नहीं भलाई
जो मिल जाई सोई साहिब बढ़ाई – जो देवे दस गुण सो पाई
2 आपन से उंचे की करो बड़ाई – मन की तृष्णा मिटी मिटी जाई
मैं को संग से दूर भगाई – मन माया सम कोई बंधन नांहि
3 हम हंसा केवल आत्मण नांहि – जिसका घर बिन अमरपुर दूजा नांहि
हम सत्तपुरूष के अंश, पिता कोई दूजा नांहि – इस त्रिलोकी में तुम गयो भरमाई
4 अंदर बाहर करो शुद्धी भाई – आशा तृष्णा में ही है सब बुराई
इन को तज दे पल में निज घर मिल जाई – दुख सुख का बस कारण यही
5 इसी कारण बार बार जीव धाम में आई – तज दे मान अभिमान फिर चिंता नांहि
पूर्ण संत संग कर सत्संग – हो बुद्धी निर्मल और मन गयो मान मेरे भाई
6 तन मन की आस सब जाए – सार सब्द की धुन में सुरत समाए
सुरति सब्द पवन ध्यान एक हो जाए – उंची ताने सुरति को त्रिकुटि में जाए
7 स्वांस उठाओ करो मकड़ी के जाल की नयाई
झरोखा खोले अनहद की नाद धुन में जा समाए
परम ज्योत के दर्शण पाए
8 यह सब निरंकार पसारा – जिस के वश त्रिलोकी सारा
अब ध्यान आज्ञा चक्र से उपर – गुरू स्थान में जा समाए
सतगुरू संग सुरत कमल में जा समाए
पल ही पल हंसा बन कर संग साहिब के अमर धाम को जाए

धन्य धरि सोई जहां सत्संग
धन्य धन्य साहिब–भक्ति सबंग

–0–

भजन 12

हंसा क्या उम्र तुम्हारी – कहां से आई कहां है जाना
यह सब हम सब को बतलाना – जो जाने सो साहिब
कहलाए क्या है उम्र हमारी – साहिब जी ––

1 असंख्य युग प्रलय भई – तब के हम ब्रह्मचारी – 2
हंसा क्या है उम्र तुम्हारी – साहिब जी ––
2 कोटि बार निरंकार सोयो और जागयो – 2
हमने देखी लीला सारी – हंसा क्या है उम्र तुम्हारी – साहिब जी ––
3 सुन्न में सब खो जाता है – निरंकार के इक दिन की लीला न्यारी – 2
हंसा क्या है उम्र तुम्हारी – साहिब जी ––
4 दश–कोटि बार बह्मा उपजे – सात कोटि शम्भू जटाधारी – 2
हंसा क्या है उम्र तुम्हारी – साहिब जी ––
5 तब साहिब जी इक पल काटयो – मत पूछयो अब उम्र हमारी – 2
हंसा क्या है उम्र तुम्हारी – साहिब जी ––
6 नहीं बूढ़ा नहीं बालक नहीं योवन धारी – क्या बतलाऊं क्या है उम्र हमारी–2
हंसा क्या है उम्र तुम्हारी – साहिब जी ––
7 कोटि प्रलय हम ने धारे – कभी ना हुई मृत्यू हमारी – 2
हंसा क्या है उम्र तुम्हारी – साहिब जी ––
8 कहे कबीर प्यारे गोरख़ – यह है उम्र हमारी – 2
अब मत पूछो क्या है उम्र हमारी – साहिब जी ––
9 हम है हंसा रूप अमर पुर के – बूझो आप ही उम्र हमारी – 2
हंसा क्या है उम्र तुम्हारी – साहिब जी ––
10 फिर ना कहना हमसे हंसा – क्या है उम्र तुम्हारी – 2
हंसा क्या है उम्र तुम्हारी – साहिब जी ––
हंसा क्या उम्र तुम्हारी – कहां से आई कहां है जाना

यह सब हम सब को बतलाना – जो जाने सो साहिब
कहलाए क्या है उम्र हमारी – साहिब जी ––

–0–

भजन 13 (भाग 1)

अनहद नाद उठे हृदय से – भंवर गुफ़ा बाजे धुन रे
त्रिकुटि महल में जा समाए – सुन्न महल झंकारी रे

1 सुरत–निरत मन पवन जब इक हों – खुद की सुद्ध जब खो जाती है
त्रिकुटि महल में होए उजियारा रे – 2
अनहद नाद उठे ––

2 आंख ना मूंदे काल ना रूंदे – आसन पद्म लगा कर बैठो
त्रिकुटि महल में ध्यान जमाओ – सुनो नाद झंकारी रे
अनहद नाद उठे ––

3 पहले पहले रिल मिल बाजे – अति धीमी अति प्यारी रे
झीनी धुन में सुरति डालो – सुनो नाद झंकारी रे
अनहद नाद उठे ––

4 घंटा–घंटियां–बांसुरी–वीणा – संख–सारंगी वर्षा की रिमझिम
धुन अति है प्यारी रे – 2
अनहद नाद उठे ––

5 यह दुनियां अति सुखदायी – आनंद दे अति भारी रे
अमृत बूंद झरे मुख मांहि – करे अति सुखकारी रे
अनहद नाद उठे ––

6 जिस धुन पर तुम ध्यान धरो – सैल आसमानी करें अति प्यारी रे
पपील चाल से सुन्न लोकों की – सैल करे अति प्यारी रे –
अनहद नाद उठे –––

अनहद नाद उठे हृदय से – भंवर गुफ़ा बाजे धुन
त्रिकुटि महल में जा समाए – सुन्न महल झंकारी रे

–0–

भजन 14 (भाग 2)

अनहद नाद उठे हृदय से – भंवर गुफ़ा बाजे धुन
त्रिकुटि महल में जा समाए – सुन्न महल झंकारी रे

1 जहां चाहो तुम रूक सकते हो – सुरति जैसी हो तुम्हारी रे
घंटियां–नाद में सुरत लगाओ – सुनो ऊँ नाद झंकारी रे
अनहद नाद उठे ––

2 ऐसा लागे जैसे अमृत वर्षा हो – सुनो नाद ये प्यारी रे
ज्यूं सुरत धरो इस नाद पर – आठों पहर सिर उपर – सुनो नाद यह प्यारी रे
अनहद नाद उठे ––

3 इसी नाद से महासुन्न लोकों की – सैल करो तुम प्यारी रे
मीन चाल से करो सैल – महासुन्न अति प्यारी रे
अनहद नाद उठे ––

4 यह नहीं अंतिम पराकाष्ठा – इसमें भी मन शामिल रहता रे
हमको जाना सत्तलौक साहिब के – विहंगम चाल प्यारी से
अनहद नाद उठे ––

5 हंसा रूप जब पाओ तुम – सुरत सब्द से चेतन हो
सैल करो निज धाम की रे
अनहद नाद उठे ––

6 अब तुम जाओ घर अपने को – कुछ ना रहा शेष रे
बस साहिब के मिलन की तैयारी रे
अनहद नाद उठे ––

अनहद नाद उठे हृदय से – भंवर गुफ़ा बाजे धुन
त्रिकुटि महल में जा समाए – सुन्न महल झंकारी रे

–0–

भजन 15 (भाग 1)

क्यों नहीं तुम सत्त हो जाते – वो तो तेरा रूप है
तब ही तुम यह जान पाते – जो जीते हो जीवन नहीं

1 सत्तगुरू को निरख परख कर – अपना जीवन जान लो
जग के रिश्ते झूठे बंधन – जग की माया जान लो
निज का सच्चा रूप जानो – जिस में कुछ खाली नहीं
क्यों नहीं तुम ———

2 भागना चलना छोड़ने से – निज का तुम ले लो पता
आषा तृष्णा में खोए हो – तो ही मंज़िल ना दिखी
एक बार तुम रूक के पाते – यह तो तेरे हाथ में
क्यों नहीं तुम ———

3 जीवन है प्रीति–आनंद–सत्त – कहीं बाहर मत खोजो तुम
साधन तो केवल बाहिर ही है – साध्य तेरा रूप है
एक बार तुम जाग जाओ – कुछ भी तो मुश्किल नहीं
क्यों नहीं तुम ———

4 अंदर का खाली पन जो दिखता – बाहिर से कैसे भर सको
कुछ तो इनमें मेल नाहीं – तो ही तो तूं सो रहा
एक बार तुम सुरति में रहते – सोना माटी एक सा ।।
क्यों नहीं तुम ———

5 जीवन में जो भी पाने जैसा – चलने से ना पा सको
जीवन का सत बाहिर नहीं –जिस की तुझको खोज है ।
रूकने से सब पास मांही – सार सब्द सूं मेल है ।।
क्यों नहीं तुम ———

6 अष्ट्म चक्र में स्वांसा जो जाती – सुरति सूं होता मेल है
मूल सुरति बनने से यह – विहंगम चाल पा जाती है ।
एक बार पट सुषमन खोले – निज घर तेरे पास में ।।
क्यों नहीं तुम ———

क्यों नहीं तुम सत्त हो जाते – वह तो तेरा रूप है ।
तब ही तुम यह जान पाते – जो जीते हो जीवन नहीं।।

—0—

भजन 16 (भाग 2)

क्यों नहीं तुम सत्त हो जाते – वह तो तेरा रूप है ।
तब ही तुम यह जान पाते – जो जीते हो जीवन नहीं।।

1 सुरति फंसी संसार में जब – तांहि अमरपुर दूर है
सुरति जब सत्त सब्द में रहती – मन माया सूं दूर हो ।
सुरति निरति 'आत्म' हंसा कर – मोक्ष पद तो पास में ।।
क्यों नहीं तुम ——

2 सार सब्द सत्तगुरू हैं लाते – सत्तपुरूष की सुरति सूं
'मै' की मोमबत्ती बुझाते – परम ज्याति साथ में ।
जग तो 'मै' को छोड़ता ना – सुख सागर उस पार में ।।
क्यों नहीं तुम ——

3 अंदर का खालीपन ना जाता – बाहिर की झूठी आन सूं
मांगने की ना भूख जाती – कितनी माया पास में ।
अंदर बाहर का मेल ना हो – सब माटि, एक सच्चा संत है ।।
क्यों नहीं तुम ——

4 अंदर से जब सम्राट हो तुम – बाहिर की माया छूटती
बाहिर जब सम्राट वस्त्र – अंदर तो सब खाली पड़ा ।
बाहिर तो प्रलोभन हैं केवल – अंदर तो सत्त की जोत है ।।
क्यों नहीं तुम ——

5 सत्तगुरू सा ना कृपा सिंधु कोई – वह तो साहिबन रूप है
सार सब्द की दात देते – जा में सत्तपुरूष वासा है ।
एक बार तुम पा के देखो – पल में तूं उस पार है ।।
क्यो नहीं तुम ——

6 भगवन के रूठने से – कुछ भी तो घटा नहीं
सत्तगुरू के रूठने से – मोक्ष पद मिलता नहीं ।
उलटि कर जीवन धारा – सत्त होते ही मौक्ष है ।।
क्यों नहीं तुम——

क्यों नहीं तुम सत्त हो जाते – वह तो तेरा रूप है ।
तब ही तुम यह जान पाते – जो जीते हो जीवन नहीं।।

—0—

भजन 17 (भाग 1)

ग़ीता का ज्ञान सभी जग को बतला दिया बंसुरी वाले ने – 2
जो सोते हैं सो ख़ोते हैं –2 जो जागे हैं सो पाते हैं
इसमें युग़ काल की बात कहां – जो जागेगा सो पाएगा – 2
ग़ीता का ज्ञान ––

1 अर्जुन तो पल–पल संग रहा – पर मन को वो ना जान सका – 2
अंदर की आँख ना जाग सकी – भगवान को ना पहचान सकी –2
भगवन तो संगी साथी थे – कुछ ख़ास अर्जुन ना ही पा सका
इसमें युग़ काल ––

2 खुद आप प्रभु जग आए थे – भटकों को राह दिखाने को – 2
ईक विदुर ही उनको जान सका – पति–पत्नि नें उनको मान दिया – 2
वो जंगल वेले जाते थे – ग्वालों को बंसुरी सुनाते थे
इसमें युग़ काल ––

3 वो भगवन हो कर दीन बने – और दोनों का उद्धार किया – 2
वो पल–पल उन्हें हरशाते थे – हर दुख़ में साथ निभाते थे – 2
ये भेद कोई बिरला पाता है – जो सुरति में ख़ो जाता है
इसमें युग़ काल ––

4 वो चारों वेद के ज्ञाता थे – और उनमें ही रमे रहते थे – 2
वो अनहद धुन में रहते थे – जागों को राज़ बताते थे – 2
ये भेद अग़र कोई जान सका – वह कुछ जाग़ा कहलाता है
इसमें युग़ काल ––

5 वो अर्जुन को समझाते हैं – जीने का राज़ बताते हैं – 2
ईस जग़ से प्रीती झूठी है – जो सपने मानद होती है – 2
जो सच्ची प्रीती जानेगा – अपने आप को पहचानेगा
इसमें युग़ काल ––

6 ये जीना मरना झूठा है – सच्चा मरना ही जीना सच्चा है – 2
जग़ कर्म–जाल का बंधन है – तम्हें हर पल भय दे जाता है – 2
ये मन–माया का खे़ल जहां – जो आत्म को भरमाता है
इसमें युग़ काल ––

7 मीरा ने गि़रधर सूं प्रीत करी – और सुरति में उनके संग रही – 2
वो हर पल मर जाती थी – और भगवन को पा जाती थी – 2
वो सच्ची प्रीत जान गई – और अपने को पहचान गई
इसमें युग़ काल ––

ग़ीता का ज्ञान सभी जग को बतला दिया बंसुरी वाले ने – 2
जो सोते हैं सो ख़ोते हैं –2 जो जागे हैं सो पाते हैं
इसमें युग़ काल की बात कहां – जो जागेगा सो पाएगा – 2
ग़ीता का ज्ञान ––

–0–

भजन 18 (भाग 2)

सतलोक का ज्ञान सभी जग को – बतला दिया सतगुरू प्यारे ने – 2
जो सोते हैं सो ख़ोते हैं –2 जो जागे हैं सो पाते हैं
इसमें युग़ काल की बात कहां – जो जागे हैं सो पाते हैं – 2
सतलोक का ज्ञान ––

1 सच्ची प्रीत तो जग़ में ऐसी है – जो मिटा कर खुद मिट जाती है – 2
जब दोनों मिट सुरति ही बने – तो खुद साहिब बन जाती है – 2
अब तो बस इक साहिब हैं – खुदी कहां रह जाती है
इसमें युग़ काल ––

2 तेरी हर स्वांसा में प्राण बसें – जो सुरति में आन समाते हैं – 2
हर आत्म जौत में सुरति है – जो प्राण से चेतन होती है – 2
निरति–सुरति सूं मिलने पर – साहिब तुझमें आन समाते हैं
इसमें युग़ काल ––

3 जब मानुष सारे सोते हैं – तब संत ही जागे होते हैं – 2
इनमें साहिब जी रहते हैं – मानुष को आन जगा़ते हैं – 2
जो सुरति में हर दम रहते हैं – वो सच्चे घर को जाते हैं
इसमें युग़ काल –

4 साहिब ने तुझको सब है दिया – पर तुझको वह सब याद नहीं – 2
जब जागोगे ईस तन–मन से – संत राज़ तुम्हें समझाऐंगे – 2
तुम रहते हो जग़ में पीठ किए – आत्म को कैसे जानोगे
इसमें युग़ की ––

5 तेरा जीवन रात हनेरी है – तेरी जोत जगन की देरी है – 2
जब अंदर आंख़ से देखोगे – जीवन के राज़ को जानोगे – 2
कुछ भी तो जग में अपना ना – ये झूठे रिश्ते नाते हैं
इसमें युग़ काल ––

6 साहिब तो हर पल संग तेरे – पर तुम ही द्वार के पार खड़े – 2
वो तुम को देख मुस्काते हैं – पर तुम उन्हें देख ना पाते हो – 2
तुम अपनी आंख के परदों को – ख़ोलो तो संग ही पाओगे
इसमें युग़ काल ––

7 वो दीनों के भी दीन प्रभू – हर पल वो तुम संग रहते हैं – 2
जो हर दम सुरति ध्यान धरें – साहिब उनके बीच में रहते हैं – 2
वह तो प्रीत प्रेम के साग़र हैं – तुम प्रीत ना उनकी जान सके
इसमें युग़ काल ––

8 कोई बिन सत्तगुरू ना पा ही सके – कौटिन क्युं जन्म ना ध्यान धरें – 2
गुरू रूप में वो तो रहते हैं – तुझको वो आन जगाते हैं – 2
पूर्ण गुरू की मेहर से होता है – जो सब कुछ अपना ख़ोता है
इसमें युग़ काल ––

सतलोक का ज्ञान सभी जग को – बतला दिया सतगुरू प्यारे ने – 2
जो सोते हैं सो ख़ोते हैं –2 जो जागे हैं सो पाते हैं
इसमें युग़ काल की बात कहां – जो जागे हैं सो पाते हैं – 2
सतलोक का ज्ञान ––

–0–

भजन 19 (भाग 1)

ये दुनियां है धौख़ा जानो प्यारे – कुछ भी जहां में हमारा नहीं है – 2
जो दौड़ेगा बाहर पाने को माया – उनका पैमाना ख़ाली रहेगा – 2

1 ये मौसम बहारें ये चांद सितारे – 2 जो भी नज़र में तुम्हारा नहीं है
कुछ भी जहां में हमारा नहीं है
ये दुनियां है धौख़ा ––

2 जो अंदर हैं जाते ध्यान लगाते – 2 पता नहीं उनको जाना कहां है
कुछ भी जहां में हमारा नहीं है
ये दुनियां है धौख़ा ––

3 इंगला वी विनसे पिंघला वी विनसे – 2 विनसे ये तेरी सुश्मिन नाड़ी
मरते समय तेरी ताड़ी कहां है – 2
कुछ भी जहां में हमारा नहीं है
ये दुनियां है धौख़ा ––

4 नशे में हैं सारे मुझे ये पता है – 2 इस ज़िन्दगी में सभी जी रहे हैं
कोई पी रहा है लहु आदमी का – किसी को नज़र से पिलाई गई है
कुछ भी जहां में हमारा नहीं है
ये दुनियां है धौख़ा ––

5 किसी को नशा है जहां में ख़ुशी का – 2 किसी को नशा है ग़मे ज़िन्दगी का
कुछ भी जहां में हमारा नहीं है
ये दुनियां है धौख़ा ––

6 किसी को नशा है चांद तारों पे जाना– 2 किसी को नशा सत्तगुरू धूली का पाना
कुछ भी जहां में हमारा नहीं है
ये दुनियां है धौख़ा ––

7 किसी को नशा है आज्ञा चक्र में जाना – 2 किसी को नशा चार मौक्ष को पाना
कुछ भी जहां में हमारा नहीं है
ये दुनियां है धौख़ा ––

ये दुनियां है धौख़ा जानो प्यारे – कुछ भी जहां में हमारा नहीं है – 2
जो दौड़ेगा बाहर पाने को माया – उनका पैमाना ख़ाली रहेगा – 2

–0–

भजन 20 (भाग 2)

ये दुनियां है धौख़ा जानो प्यारे – कुछ भी जहां में हमारा नहीं है – 2
जो दौड़ेगा बाहर पाने को माया – उनका पैमाना ख़ाली रहेगा – 2

1 ये नशा ही है धौख़ा जानो प्यारे – 2 इस पल में रहना भक्ति नहीं है
कुछ भी जहां में हमारा नहीं है
ये दुनियां है धौख़ा ––

2 कल–कल के सपने देखे जो प्राणी – 2 जीवन में जो जन सोया हुआ है
कुछ भी जहां में हमारा नहीं है
ये दुनियां है धौख़ा ––

3 जो इस पल में रहता जाग़ा हुआ है – 2 सुरति को उसने जाना हुआ है
कुछ भी जहां में हमारा नहीं है
ये दुनियां है धौख़ा ––

4 जो इस पल में रहता जाग़ा हुआ है – 2 आ तुझको उसने जान लिया है
कुछ भी जहां में हमारा नहीं है
ये दुनियां है धौख़ा ––

5 जब इस पल में रहना आ जाए तुमको – 2 हंसा को तूने चेतन किया है
कुछ भी जहां में हमारा नहीं है
ये दुनियां है धौख़ा ––

6 जो ऐसा हो प्राणी जानों की उसने – 2 सार–सब्द गुरू सूं पाया हुआ है
कुछ भी जहां में हमारा नहीं है
ये दुनियां है धौख़ा ––

7 ऐसा जो हंसा पूर्ण है सत्तगुरू – 2 अब उसने निज घर को पाया हुआ है
कुछ भी जहां में हमारा नहीं है
ये दुनियां है धौख़ा ––

ये दुनियां है धौख़ा जानो प्यारे – कुछ भी जहां में हमारा नहीं है – 2
जो दौड़ेगा बाहर पाने को माया – उनका पैमाना ख़ाली रहेगा – 2

–0–

भजन 21

मन माया तो एक है – 2
मन में रहे समाए । साहिब जी ––

1 सार–सब्द कटार है – 2
पल छिन पावें पार । साहिब जी ––
मन माया तो एक है ––

2 भागत के पीछे रहे – 2
सन्मुख़ भाग़े सोहे । साहिब जी ––
मन माया तो एक है ––

3 मन सुश्मिन में बैठ कर – 2
करता सारे काम । साहिब जी ––
मन माया तो एक है ––

4 मस्तक में तम डाल कर – 2
लेता सारे काम । साहिब जी ––
मन माया तो एक है ––

5 पल–पल पा संदेश को – 2
इंद्री सूं लेता काम । साहिब जी ––
मन माया तो एक है ––

6 आत्म भूली निज रूप को – 2
तन जाने तद रूप । साहिब जी ––
मन माया तो एक है ––

7 इच्छा पूर्ती के लिए – 2
तन को दें सहयोग । साहिब जी ––
मन माया तो एक है ––

मन माया तो एक है – 2
मन माया समाए । साहिब जी ––

–0–

भजन 22

यह समय जो बीत गया तो फिर पैसी पछताना –––

1 साहिब के दरबार में – सहे जो तिल भर दुख
उन दुखों पे वार दूं – कोटि कोटि जन्मों के सुख
यह समय जो बीत गया तो फिर पैसी पछताना –––

2 आओ मेरे प्यारो हंसों पा लो सार सब्द पैमाना ।
मेरा सतगुरू देवे दात, सार सब्द का पालो भेद पुराना ।।
यह समय जो बीत गया तो फिर पैसी पछताना –––

3 अब की बार भूल गए तो, कभी न मिले ठिकाना ।
ऐसे संत सदियों में आते जिनका नांहि घर न ठिकाना ।।
यह समय जो बीत गया तो फिर पैसी पछताना –––

4 जो मिल जाए खा लेते हैं, पहनें वस्त्र, प्रेम पुराना ।
उनके वस्त्र पर मत जाओ, साहिब देत रंग पुराना ।।
यह समय जो बीत गया तो फिर पैसी पछताना –––

5 रात दिन में सेव कमावें, कभी ना पाते ठौर ठिकाना ।
उन की महिमा मैं क्या गाऊं, जिन दिया चरण ठिकाना ।।
यह समय जो बीत गया तो फिर पैसी पछताना ———

6 'वे नाम' अब क्या गाए, जो है पागल दिवाना सा॰ जी
सुरति बोलें सुरति सोचें, सुरति में ही रम जाना ।।
यह समय जो बीत गया तो फिर पैसी पछताना ———

यह समय जो बीत गया तो फिर पैसी पछताना ———

—0—

भजन 23 (भाग 1)

चरण बिना मोहे कुछ नहीं भावे – 2 साहिब जी ——
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना —— 2

1 भवसागर सब सूख गया है – फिकर नहीं भव तरना – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना –2 चरण बिना मोहे——
2 कनक कटोरे अमृत भरया – पीवत दास गुरू चरणा – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे ——
3 मैं तो दासी जन्म जन्म की – तुझ बिन बूझत नांही – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे ——
4 कुछ तो अवगुण हम में काडो – हम भी कान सुने – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे ——
5 तुम संग हमने नेह लगाया – तुमरे जहाज चढ़े – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे ——
6 विपता हमारी देख तुम चाले – अर्जी सुन लीजे – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे ——
7 जिन के प्रीतम परदेस बसत हैं – लिख लिख भेजें पत्तियां – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे ——

चरण बिना मोहे कुछ नहीं भावे – 2 साहिब जी ——
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना —— 2

—0—

भजन 24 (भाग 2)

चरण बिना मोहे कुछ नहीं भावे – 2 साहिब जी ––
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना –– 2

1 मेरे साहिब मेरे तन में – किस को भेजूं पत्तियां – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे ––
2 सतगुरू जैसा वेद न कोई – पूछो वेद पुराणा – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे ––
3 दीप सूं प्रीति लागी पतंगा – काहे रे फेर लिया नेह – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे ––
4 गुरूमुख प्रीति लागी संतन सूं – गुरू चरणन चित चैन – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे ––
5 संतों की प्रीति लागी साहिब सूं – इक रूप इक देह – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे ––
6 यह मन मोरा बड़ा ही चंचल – जूं मद मां त्यूं हाथी – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे ––
7 सतगुरू हाथ धरो सिर उपर – मन की मैं मर जाती – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे ––

चरण बिना मोहे कुछ नहीं भावे – 2 साहिब जी ––
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना –– 2

–0–

भजन 25 (भाग 3)

चरण बिना मोहे कुछ नहीं भावे – 2 साहिब जी ––
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना –– 2

1 पल पल पीव को रूप निहारूं – निरख निरख सुख पाती – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे ––
2 मीरा के प्रभु संत रे दासा – साहिब चरण चित राखी – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे ––

3 उंची चढ़ चढ़ पंथ निहारूं – रोए अखियां राती – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे ––
4 जब से तुम बिछड़े मोरे साहिब जी – कभी ना पायो चैना – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे ––
5 शब्द सुनत मेरी छतिया कांपे – मीठे लागे रहना – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे ––
6 इक टिक टकी बांध निहारूं – भई छः मासा रैन – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे –
7 विरह व्यथा का से कहूं मैं – बह गई सुरति रैन – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे ––

चरण बिना मोहे कुछ नहीं भावे – 2 साहिब जी ––
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना –– 2

–0–

भजन 26 (भाग 4)

चरण बिना मोहे कुछ नहीं भावे – 2 साहिब जी ––
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना –– 2

1 कंई जन्म से बिछड़ी हूं साहिब जी – कब पाउंगी चैन – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे––
2 मेरे साहिब जी कबर मिलोगे – दुख मेटन सुख देन – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे––
3 चकवी प्रीतम खोई रैन की – आन मिली प्रभात – 2
तुझ बिन को जग अपना – जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे ––
4 मैं अभागन ऐसी बिछड़ी – दिन मिले ना रैन – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे––
5 त्रिकुटि महल में बना है झरोखा – जो सूं दरश मिले – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे––
6 शिव नेत्र पर ध्यान जमाओ – सुख व चैन मिले – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे––
7 आज्ञा चक्र ध्यान लगाओ – अनहद नाद सुनो – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे––

चरण बिना मोहे कुछ नहीं भावे – 2 साहिब जी ––
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना –– 2

–0–

भजन 27 (भाग 5)

चरण बिना मोहे कुछ नहीं भावे – 2 साहिब जी ––
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना –– 2

1 इक नाद पर ध्यान जमाओ – सुख की सैल करो – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे––
2 चकोर की प्रीति चांद से लागी – देख देख मिले चैना – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे––
3 मेरे प्रीतम आन मिले हैं – सुरत कमल धरो ध्यान – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे ––
4 सुरत कमल निज देश सतगुरू का – साहिब के दर्श करो – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे ––
5 साहिब की सुरति ऐसी प्यारी – संग में ले ही चली – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे ––
6 बिन पावन के देश प्यारा – बिन बस्ती का देश – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे ––
7 उंची तानो सुरति को तुम – जहां देखो पुरूष अलेख – 2
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना – 2 चरण बिना मोहे ––

चरण बिना मोहे कुछ नहीं भावे – 2 साहिब जी ––
तुझ बिन को जग अपना – साहिब जी जग माया सब सपना –– 2

–0–

भजन 28

गीता का भेद सभी जन को – बतला दिया बंसरी वाले ने – 2
हर नर के जग को आने का – ये राज़ दिया है प्यारे ने – 2

1 यह जग तो कर्म पसारा है – जो लाता और ले जाता है
पर सच्चा जीवन पाने का – भेद दिया है प्यारे ने

2 भगवन कहते हर मनुष्य को – तूं हर दम मुझमें ध्यान लगा
हानी लाभ सुख दुख तजो – भक्ति करो निज घर जाने को
3 मानुष तन दुर्लभ पाया है – माया तज मौक्ष पाने को
तेरी जौत में उसकी जौत जो है – उसको पाकर पार हो जा
4 अति दूर अरू निकट है जो – तूं उसको जग में जानगा
पर ये सब तूं कैसे जानेगा – बिन जागे ना पहचानेगा
5 बिन सतगुरू कोई ना जाग सके – मन माया सूं ना भाग सके
अतीत के सपने साथ तेरे – आशा तृष्णा भी संग साथ तेरे
6 ये तुझको पल पल भरमाते हैं – तेरे अंदर लौभ बड़ाते हैं
कामी क्रौधी भी तरते हैं – पर लौभी तो ना तरते हैं
7 बिन सतगुरू भेद नहीं मिलता – आंखों का परदा नहीं हटता
बिन सतगुरू जीवन मृत्यू है – ईक चलती फिरती लाश तूं जान
8 जब तक ना जागो मौक्ष नहीं – बंद कली सूं खिलता फूल नहीं
गीता का राज़ जब जानेगा – जीवन ही तूं मर जाएगा
9 यही तो सच्चा जीवन है – जीते जी मरना आ जाए
जब 'मै' से संग छुट जाता है – साहिबन का संग तूं पा जाए

गीता का भेद सभी जन को – बतला दिया बंसरी वाले ने – 2
हर नर के जग को आने का – ये राज़ दिया है प्यारे ने – 2

–0–

भजन 29

ना लो सपने कहीं सपनों से नैया पार होती है – 2
कहीं आंसू बहाने से दुखों का नाश होता है – 2

1 नतीजा मिल गया हमको ये जीवन भूल जाने का – 2
सितम देखा तरंगों का कर्म देखा भटकने का
भूलें आहें भरती है वो यादें हाथ मलती है –– ना लो सपने ––
2 सांसा हम जो लेते हैं उसी में प्राण रहते हैं – 2
आशाओं के भरोसे पर ख़बर क्या थी कि
ज़ालिम आंधियां भी संग चलती हैं –– ना लो सपने ––

3 वैर के संग होने से प्रीत ना जान पाते हैं – 2
खुद के भरोसे पर ख़बर क्या थी कि
अंगारों की राख खुद को ही ढकती है –– ना लो सपने ––

4 जीवन जिसको तुम कहते वही तो मौत लाती है – 2
भूल जानी नहीं अपनी तभी छूटा ना जग आना
प्रभू तुझमें ही रहते हैं कभी ना डूंढ पाते हो –– ना लो सपने ––

5 नतीजा मिल गया हमको मृत्यू के बीज बोने का – 2
वृक्ष जाना तो कड़वा था फल चाखा तो कड़वाया
बीज अंदर ही उगता है यही ना जान पाते हैं –– ना लो सपने ––

6 जानो सच्चे जीवन को जो धारा तुझमें बहती है – 2
शब्द पाया जो अमृत है दुखों का नाश खुद देखा
साधन छूट जाते हैं साध ही शेष रहता है –– ना लो सपने ––

7 सतगुरू मिलने से खुद नैया सब्द सूं पार होती है – 2
प्रीत जानी जो जीवन है कर्म देखा निज भूलों का
मुख उल्टा जो तुम करलो प्रभु का संग मिलता है –– ना लो सपने ––

ना लो सपने कहीं सपनों से नैया पार होती है – 2
कहीं आंसू बहाने से दुखों का नाश होता है – 2

–0–

भजन 30 (भाग 1)

सतनाम जपा कर भाई तेरी बिगड़ी बात बन जाई – 2
सतनाम जपा कर भाई तेरा हंस रूप बन जाई – 2

1 स्याही गई सफेदी आई अब क्या करेगा भाई – 2
सतनाम जपा कर भाई तेरा हंस रूप बन जाई – 2

2 नाम जपन को बड़ो आलसी तुम्हारी मति गई बहुराई – 2
सतनाम जपा कर भाई तेरा हंस रूप बन जाई – 2

3 योवन दौलत माल खज़ाना कुछ भी अंत साथ ना जाई – 2
सतनाम जपा कर भाई तेरा हंस रूप बन जाई – 2

4 हम ध्यानी काया संग चले माया भी संग जाई – 2
सतनाम जपा कर भाई तेरा हंस रूप बन जाई – 2

5 इस माया ने सब को खाया मन ने मति भरमाई – 2
सतनाम जपा कर भाई तेरा हंस रूप बन जाई – 2
6 भाई बंधू कटुंभ कबीला संग ना एको जाई – 2
सतनाम जपा कर भाई तेरा हंस रूप बन जाई – 2
7 ये माया सब झूठी छाया हंस अकेला जाई – 2
सतनाम जपा कर भाई तेरा हंस रूप बन जाई – 2
8 कमाल तारयो कमाली तारयो तारयो सदना कसाई – 2
सतनाम जपा कर भाई तेरा हंस रूप बन जाई – 2

सतनाम जपा कर भाई तेरी बिगड़ी बात बन जाई – 2
सतनाम जपा कर भाई तेरा हंस रूप बन जाई – 2

–0–

भजन 31 (भाग 2)

सतनाम जपा कर भाई तेरी बिगड़ी बात बन जाई – 2
सतनाम जपा कर भाई तेरा हंस रूप बन जाई – 2

1 कमाल तारयो कमाली तारयो तारयो पलटू भाई – 2
सतनाम जपा कर भाई तेरा हंस रूप बन जाई – 2
2 संत रे दास ने मीरा तारी सार नाम धुन लाई – 2
सतनाम जपा कर भाई तेरा हंस रूप बन जाई – 2
3 ऐसी भक्ति करो घट भीतर छोड़ो कपट चतुराई – 2
सतनाम जपा कर भाई तेरा हंस रूप बन जाई – 2
4 सेवा स्मिरण और सत्संग सहज मिले सुखदाई – 2
सतनाम जपा कर भाई तेरा हंस रूप बन जाई – 2
5 सार नाम सुरति में डालो सतगुरू युक्ति बताई – 2
सतनाम जपा कर भाई तेरा हंस रूप बन जाई – 2
6 ये संसार झूठ भरम है अंदर ध्यान से पाई – 2
सतनाम जपा कर भाई तेरा हंस रूप बन जाई – 2
7 सार नाम निज औषधि कौटि विकार कट जाई – 2
सतनाम जपा कर भाई तेरा हंस रूप बन जाई – 2

सतनाम जपा कर भाई तेरी बिगड़ी बात बन जाई – 2
सतनाम जपा कर भाई तेरा हंस रूप बन जाई – 2

–0–

भजन 32 (भाग 3)

सतनाम जपा कर भाई तेरी बिगड़ी बात बन जाई – 2
सतनाम जपा कर भाई तेरा हंस रूप बन जाई – 2

1 सुरत सब्द में जो जन जाए मौक्ष पद मिल जाई – 2
सतनाम जपा कर भाई तेरा हंस रूप बन जाई – 2
2 काल कराल निकट नहीं आवे काम क्रौध मिट जाई – 2
सतनाम जपा कर भाई तेरा हंस रूप बन जाई – 2
3 युगन युगन की तृष्णा मिटानी कर्म भर्म टरी जानी – 2
सतनाम जपा कर भाई तेरा हंस रूप बन जाई – 2
4 यह संसार है काल का देशा मन की सब चतुराई – 2
सतनाम जपा कर भाई तेरा हंस रूप बन जाई – 2
5 सार नाम है दौलत ऐसी आत्म हंस बन जाई – 2
सतनाम जपा कर भाई तेरा हंस रूप बन जाई – 2
6 कहे कबीर सुनो भाई साधो अमर होई घर जाई – 2
सतनाम जपा कर भाई तेरा हंस रूप बन जाई – 2
7 अमरलौक है सब हंसों का कबहु ना मरही पाई – 2
सतनाम जपा कर भाई तेरा हंस रूप बन जाई – 2

सतनाम जपा कर भाई तेरी बिगड़ी बात बन जाई – 2
सतनाम जपा कर भाई तेरा हंस रूप बन जाई – 2

–0–

भजन 33

ओ मेरे साहिबा तुम तो हो रहते मेरे प्राण में – 2
तुम बिन झूठा जग है दुख ही दुख हैं इस जहान में – 2
तुम जब आओ सुरति जगाओ बने हम सुरति धार
हम्हें क्या मिल गया रे – 2

1 प्रेम प्याला पी कर मन को दिया है हमने दान में – 2
मेहर तुम्हारी ऐसी – जीवन में पाया सच्चा नाम रे – 2
सत्त को पाया ध्यान लगाया मन हुआ बेहाल
हम्हें सब मिल गया रे – 2

2 सतनाम जानो प्यारे जीवन है नाता बिन नाम रे – 2
मानस तन पाकर भी – व्यर्थ गंवाया बिन नाम रे – 2
गुरू को पाकर सुरति में ध्या कर माया से पाओ पार
हम्हें सब मिल गया रे – 2

3 सोते को जीवन जाने ये तो है धोखा बिन नाम रे – 2
सांस जो जीवन लेता – व्यर्थ ही जाता बिन नाम रे – 2
अंदर जाकर राम जगा ले जागे सुरति ध्यान
हम्हें सब मिल गया रे – 2

4 दुनियां ये माया धोखा आंखों में पड़ी गहरी धूल रे – 2
ये जग दर्पण प्यारा – दिखता वही जो तेरा रूप रे – 2
आंखें धोखा वाणी धोखा धोखा ईंद्र जाल
हम्हें सब मिल गया रे – 2

5 ये जग धोखा सारा काल ने रचयो माया जाल रे – 2
सुख की है तख़्ती लागी – भरमों में डाला हर प्राण रे – 2
बंधन जानों कारण खोजो अंदर करो ध्यान
हम्हें सब मिल गया रे – 2

6 माया के बंधन कारण हंसा ने खोया सच्चा रूप रे – 2
मन माया बंधन कारण धूल में पड़ा सच्चा नूर रे – 2
धूल को जानो उसे हटाओ हंसा करो आज़ाद
हम्हें सब मिल गया रे – 2

7 सतनाम जाने बिन काल का छूटे नहीं देस रे – 2
सोह्म को जाने बिन ज्ञानी ना होता कोई साद रे – 2
आत्म जानो सतगुरू पाओ पाओ सच्ची दात
हम्हें सब मिल गया रे – 2

8 जब तक है नाता जग से जीवन को जानो इक रोग रे – 2
तीर्थ व्रत और पूजा मन का ही जानो झूठा रोग रे – 2
नाता तोड़ो सच्च को जानो मन का तोड़ो जाल
हम्हें सब मिल गया रे – 2

9 ओ सोने वालो जागो जीवन ये तेरा अनमोल रे – 2
एक पुरूष है प्यारा सब घट वही सच्चा नूर रे – 2
साहिब को जानो जोत जगाओ पल में पहुंचो पार
हम्हें सब मिल गया रे – 2

10 सतलौक है देस प्यारा संतों का देस अनमोल रे – 2
धरती आकाश बिन वे काल के बिन प्यारा देस रे – 2
काल को जानो सतगुरू पाओ हो जाओ उस पार
हम्हें सब मिल गया रे – 2

ओ मेरे साहिबा तुम तो हो रहते मेरे प्राण में – 2
तुम बिन झूठा जग है दुख ही दुख हैं इस जहान में – 2
तुम जब आओ सुरति जगाओ बने हम सुरति धार
हम्हें क्या मिल गया रे – 2

—0—

भजन 34

सार नाम की अमृत वर्षा संत बिखेरें गली गली – 2
ले लो रे भाई ले लो रे 'वे नाम जी' को दात मिली

1 बालपन सब खेल गंवायो – जवानी में धन मान को पायो
वृद्ध भयो तन कांपन लगयो – सार सब्द की दात ना पाई
देवी देवों से मांग मांग कर – फिर पुनः खाक सूं खाक मिली

ले लो रे भाई ले लो रे 'वे नाम जी' को दात मिली

2 काल जाल तीन लौक में आकर – हर जन है मन वश में पड़ा
जोड़ी जोडी़ धन बहुत बटेरा – तो भी दुख में रहा पड़ा
बिन सतगुरू कोई नहीं है तेरा – जिससे सच्ची प्रीत मिले
ले लो रे भाई ले लो रे 'वे नाम जी' को दात मिली

3 जिस को तूं है डूंढ रहा – वो तो सतगुरू वश में पड़ा
जो गुरू पूर्ण शरणी आवे – पल पल आवे संग पड़ा
सतगुरू सूं प्रीत बड़ा लो – जिस को साहिब सूं सुरति मिली
ले लो रे भाई ले लो रे – 'वे नाम जी' को दात मिली

4 ना तीर्थ में ना मूरत में – ना वो एंकात निवास में
ना मंदिर में ना मस्जिद में – ना काबा कैलाश में
कुछ ना रही कमी जब – तुमको सच्ची दात मिली
ले लो रे भाई ले लो रे – 'वे नाम जी' को दात मिली

5 ना वह क्रिया क्रम में रहता – नांहि योग सन्यास में
नां ही प्राण प्रिण्ड में रहता – ना ब्राहमाण्ड आकाश में
ऐसी नगरिया में कंई विधी रहता – नित उठ केवल नींद मिली
ले लो रे भाई ले लो रे – 'वे नाम जी' को दात मिली

6 ना वह भृकुटि भंवर गुफा में रहता ना वो सुन्न आकाश में
खोजी होए तुरंत मिल जाए पूर्ण सतगुरू पास में
6 गुप्त निःअक्षर परखिये, अंदर सुरति प्राण समान – 2
सार सब्द में जो रतो, जग में वह ही महान – 2
ये उनकी रहमत है ——— मैं पहुंचा संग दरबार ———

7 जीव असंख्य बह गये, बिन जाने निज भेद – 2
कोई हंसा बराबर है नहीं, बिन जाने गुप्त निःअक्षर भेद – 2
ये उनकी रहमत है ––– मैं पहुंचा संग दरबार –––

मैं पहुंचा संग दरबार (निजधाम), साहिब जी खो गये हैं – 2
आरूप में रूप को देखा, पाया सब सुरति में – 2

–0–

भजन 66 (भाग 1)

पायो जी मैनें सार सब्द धन पायो – 4
वस्तू अमोलक साहिब जी दीनी – 2
कृपा करि अपनायो, पायो जी मैनें
पायो जी मैनें –––

1 लाखों जन्म काट पूंझी पाई – 2 – मन सूं आन छुड़ायो, पायो जी मैनें
पायो जी मैनें ––
2 सुरति ना टूटे काल ना लूटे – 2 – पल पल सुरति जगायो, पायो जी मैनें
पायो जी मैनें ––
3 सार नाम ना छूटे काल ना लूटे – 2 – सुरति आन जगायो, पायो जी मैनें
पायो जी मैनें ––
4 सार सब्द सतपुरूष जी वासा – 2 – तीन लौक तर जायो, पायो जी मैनें
पायो जी मैनें ––
5 वे नाम जी ने दात है पाई – 2 – सतलौक संग जायो पायो, जी मैनें
पायो जी मैनें ––
6 सुश्मिन द्वार सूं आज्ञा चक्र जाई – 2 – सुरत कमल संग जायो, पायो जी मैनें
पायो जी मैनें ––
7 अमरलौक ही सच्चा देसा – 2 – साहिब जी संग समायो, पायो जी मैनें
पायो जी मैनें ––
8 अमरलौक हंसों का ढेरा – 2 – जहां से सभी हंस आयो, पायो जी मैनें
पायो जी मैनें ––
9 सतगुरू दर पर शीश झुकायो – 2 – छूटे माल परायो पायो जी मैनें
पायो जी मैनें ––

10 सतगुरू चरणन शीष नवाओ – 2 – सुरति सूं सब पायो, पायो जी मैनें
पायो जी मैनें ––

पायो जी मैनें सार सब्द धन पायो – 4
वस्तू अमोलक साहिब जी दीनी – 2
कृपा करि अपनायो, पायो जी मैनें
पायो जी मैनें –––

–0–

भजन 67 (भाग 2)

पायो जी मैनें सार सब्द धन पायो – 4
वस्तू अमोलक साहिब जी दीनी – 2
कृपा करि अपनायो, पायो जी मैनें
पायो जी मैनें –––

1 सतगुरू संग तो सतपुरूष दासा – 2 संतन चरणन धुण लगायो, पायो जी मैनें
पायो जी मैनें ––
2 सार सब्द सतपुरूष की डौरी – 2 पतंग बन घर जायो, पायो जी मैनें
पायो जी मैनें ––
3 हंसा बन निज घर को जायो – 2 पूर्ण मौक्ष तिन पायो, पायो जी मैनें
पायो जी मैनें ––
4 सतलौक ही साहिबन रूप हैं – 2 अरूप में रूप समायो, पायो जी मैनें
पायो जी मैनें ––
5 युगों युगों से भटकता जीवा – 2 काल ने ग्रास बनायो, पायो जी मैनें
पायो जी मैनें ––
6 दो बार साहिब जी दात है दीनी – सतपुरूष जी वे नाम अति भायो पायो जी मैनें
पायो जी मैनें ––
7 सतनाम वे नाम जी पासा – 2 आप ही आप जग आयो पायो जी मैनें
पायो जी मैनें ––
8 जब तक मन सूं संग ना छूटे – 2 महा मौक्ष नहीं पायो पायो जी मैनें
पायो जी मैनें ––
9 अमरदात जब पास है तेरे – 2 साहिब भी संग समायो, पायो जी मैनें
पायो जी मैनें ––

पायो जी मैनें सार सब्द धन पायो – 4
वस्तू अमोलक साहिब जी दीनी – 2
कृपा करि अपनायो, पायो जी मैनें
पायो जी मैनें ———

—0—

भजन 68 (भाग 1)

मुझे मेरे प्यारे काम जो दिया है – सार नाम जो दिया है – तेरा शुक्रिया है – 2
मुझे मेरे साहिबा – काम जो दिया है – तेरा शुक्रिया है – 2
मुझे मेरे साहिबा अमर प्रेम जो दिया है – तेरा शुक्रिया है – 2

1 ना मिलती अगर मुझे सच्ची दात तेरी – 2
तो कैद कैसे जाती आत्म की मेरी – 2
मन माया ने घेरा – सार नाम सूं टूटे – तेरा शुक्रिया है – 2
2 सतगुरू महिमां जग ने ना जानी – 2
तो ही तो अपनी महिमां ना पहचानी – 2
नींद है गहरी प्राण अधूरे – तेरा दोष अपना, किसी का नहीं है – तेरा शुक्रिया है – 2
3 आषा तृष्णा मिल सुरति को घेरा – 2
सार सब्द तोड़ा मन का ये घेरा – 2
लाखों जन्म से मन ने आत्म को लूटा—ये भेद सारा हंसा ने ना जाना—तेरा शुक्रिया है—2
मेरी भूल सारी दोष तेरा नहीं है – 2
4 फूल जो खिलते उनकी महिमां ना जानी – 2
प्रेम लुटाने की सुरति ना जानी – 2
तूने खिलना ना जाना, निज ना पहचाना—यही भूल तेरी और नहीं है—तेरा शुक्रिया है – 2
5 संतन बिन भव निज, तरे है ना कोई – 2
हरि वृंच सतगुरू सम होई – 2
कल कल ने था घेरा, सार नाम ने तोड़ा – तेरा शुक्रिया है – 2
6 हरि ने सब को कुटुम्भ जाल मे घेरा – 2
सतगुरू काटी ये ममता की बेड़ी – 2
काल जाल का बंधन, सार सब्द सूं टूटा – तेरा शुक्रिया है – 2

7 हरि तो तजुं सतगुरू ना बिसारूं – 2
सार नाम के सम, हरि नाम ना उच्चारूं – 2
सतगुरू ने गहरी नींद सूं जगाया–निःअक्षर सूं दासा हंसा बनाया – तेरा शुक्रिया है –2

मुझे मेरे प्यारे काम जो दिया है – सार नाम जो दिया है – तेरा शुक्रिया है –2
मुझे मेरे साहिबा – काम जो दिया है – तेरा शुक्रिया है – 2
मुझे मेरे साहिबा अमर प्रेम जो दिया है – तेरा शुक्रिया है – 2

–0–

भजन 69 (भाग 2)

मुझे मेरे साहिबा काम जो दिया है – तेरा शुक्रिया है – 2
सार नाम जो दिया है अमर प्रेम जो दिया है – तेरा शुक्रिया है – 2

1 हरि तज डालूं साहिब ना विसारूं – 2
हरि नाम छोड़ सार नाम को उच्चारूं – 2
सार नाम गहरी नींद सूं जगाया – तेरा शुक्रिया साहिबा – 2
2 निःअक्षर (सार नाम) जो ध्यावे पूर्ण मौक्ष को पावे – 2
ता का जग सूं पूर्ण लेखा मिट जावे – 2
सुरति में रहकर मूल सुरति को पावे – तेरा शुक्रिया है – 2
3 सार (नाम) सब्द विदेह स्वरूपा – 2
छिन ईक सुरति हंसा हो रूपा – 2
सतगुरू अंदर दर्श जो पावे–पल ही पल सतपुरूष पा जावे–तेरा शुक्रिया है – 2
4 नाम विदेह कोई बिरला ही पावे – 2
सुरत कमल जा निज घर पावे – 2
बिना भेद जाने अंधी ही सुरति – 2 तेरा शुक्रिया है – 2
5 नाम जब पाया स्थिर हुआ मनवा – 2
सुरत चले तब ध्यावे नामा – 2
आज्ञा चक्र में सुरति सतगुरू संग पाओ – 2 तेरा शुक्रिया है – 2
6 सार सब्द है अधर अटारी – 2
असंख्य सूर्य सतपुरूष उजियारी – 2
मूल सुरति के बनते हंसा कहलाओ – 2 तेरा शुक्रिया है – 2

7 निःअक्षर नाम सतगुरू समझाई – 2
अक्षर ब्रह्म सब जगत कहाई – 2
अमर लौक मौक्ष का देशा–ये संसार जानो काल का देशा –तेरा शुक्रिया है –2

8 साहिब जी कृपा करि अपारा – 2
सत सुरति आनंद प्रेम उजियारा – 2
विनती करूं मैं दोनों हाथ जोड़ी–तुम संग प्रेमी और नहीं है–तेरा शुक्रिया है– 2

मुझे मेरे साहिबा काम जो दिया है – तेरा शुक्रिया है – 2
सार नाम जो दिया है अमर प्रेम जो दिया है – तेरा शुक्रिया है – 2

–0–

भजन 70 (भाग 1)

कौन कहता है जहां में – मैने पाया है उन्हें – 2
कुछ ना कर पाता है तूं – यही तो तेरी भूल है – 2
कुछ ना कर पाता है तूं –– कौन कहता है जहां में –

1 जन्मों जन्मों से तूं जग में – है भटकता फिर रहा – 2
वै तो तेरे स्वांस स्वांस में – 2 फिर भी कहता दूर है – 2
कुछ ना कर पाता है तूं –– कौन कहता है जहां में –

2 हर जन्म में तूने खुद को – माया में पाया सदा – 2
भूत भविष्य में तूं है रहता – 2 तांहि से तूं दूर है – 2
कुछ ना कर पाता है तूं –– कौन कहता है जहां में –

3 जन्मों के संस्कार कारण – 2 खोया सच्ची राह तूं – 2
झूठे धर्म कर्म में रहता – 2 यही तो तेरी भूल है – 2
कुछ ना कर पाता है तूं –– कौन कहता है जहां में –

4 जो भी दिखता, बिन माया ये कुछ ना – 2 यही तो मन का जाल है – 2
बाहिर उसकी खोज करता – 2 तांहि उससे दूर है – 2
कुछ ना कर पाता है तूं –– कौन कहता है जहां में –

5 मानने से कुछ ना होता – 2 खुद को जानो तो मिले – 2
वेद पुराणों में डूंडते हो (फिरते) – 2 यही तो तेरी भूल है – 2
कुछ ना कर पाता है तूं –– कौन कहता है जहां में –

6 प्रेम भी तुम जग से करते – 2 मिलती माटी धूल है – 2
सपनों से ही प्रेम करते – 2 यही तो तुमरी भूल है – 2
कुछ ना कर पाता है तूं –– कौन कहता है जहां में –

7 जिनको तुम सुख दुख हो कहते – 2 वह तो मन का जाल है – 2
जमना मरना जग में तेरा – 2 यही तो बंधन मूल है – 2
कुछ ना कर पाता है तूं –– कौन कहता है जहां में –

8 तन का दीप बुझने से पहले – 2 पालो पूर्ण संत को – 2
सजीव नाम की महिमां ना जानी – 2 यही तो तेरी भूल है – 2
कुछ ना कर पाता है तूं –– कौन कहता है जहां में –

कौन कहता है जहां में – मैने पाया है उन्हें – 2
कुछ ना कर पाता है तूं – यही तो तेरी भूल है – 2
कुछ ना कर पाता है तूं –– कौन कहता है जहां में –

–0–

भजन 71 (भाग 2)

कौन कहता है जहां में – मैने पाया है उन्हें – 2
कुछ ना कर पाता है तूं – यही तो तेरी भूल है – 2
कुछ ना कर पाता है तूं –– कौन कहता है जहां में –

1 सजीव नाम में आप हैं रहते – 2 मन का मान तोड़े वहीं – 2
महिमां नाम की जग ने ना जानी – 2 यही बड़ी तो भूल है – 2
कुछ ना कर पाता है तूं –– कौन कहता है जहां में –

2 दात बिन निज को ना जाना – 2 सुरति निरति हंसा हो – 2
सांसा भेद तूने ना जाना – 2 कैसी तेरी भूल है – 2
कुछ ना कर पाता है तूं –– कौन कहता है जहां में –

3 सांसा जानी तो निज को जाना – 2 प्राण आत्म अंग थे – 2
मूल सुरति जोड़ तूं – 2 कैसे तेरी भूल है – 2
मूल सुरति जुड़ती नांहि – 2 कैसी तेरी भूल है – 2
कुछ ना कर पाता है तूं –– कौन कहता है जहां में –

4 सुश्मिन द्वार सूं चढ़ना सीखो – 2 सुरत कमल के द्वार तक – 2
सतगुरू महिमां भी ना जानी – 2 कैसी तेरी भूल है – 2
कुछ ना कर पाता है तूं –– कौन कहता है जहां में –

5 सार सुरति सूं मौक्ष मिलता – 2 मन जाप सूं धूल – 2
अंदर से चलना तूने ना सीखा – 2 यही तो तेरी भूल है – 2
कुछ ना कर पाता है तूं –– कौन कहता है जहां में –

6 खुद को जाना तो उनका पाना – 2 साहिब तो पल पल संग में – 2
अंदर की आंख तेरी सोई पड़ी है – 2 यही तो तेरी भूल है – 2
कुछ ना कर पाता है तूं –– कौन कहता है जहां में –

7 एक मुर्दे तन में तूने – 2 नाम दात सत्त भर दिया – 2
जग तो जीना भूल चुका है – 2 बिन माफी उसकी भूल है – 2
कुछ ना कर पाता है तूं –– कौन कहता है जहां में –

8 कोन कहता है जहां में – 2 ये जीना भी कोई जीना है – 2
दास कुछ कर पाया ना जग में – 2 ये सोच भी इक भूल है – 2
कुछ ना कर पाता है तूं –– कौन कहता है जहां में –

कौन कहता है जहां में – मैने पाया है उन्हें – 2
कुछ ना कर पाता है तूं – यही तो तेरी भूल है – 2
कुछ ना कर पाता है तूं –– कौन कहता है जहां में ––

–0–

भजन 72 (भाग 1)

जो चले गये सो संग तेरे – कोई मूल सूं टूट ना पाता है – 2
हमरी डौर जुड़ी सतलौक से – वही तो देश हमारा है – 2
हमरी डौर जुड़ी सतपुरूष से – वही तो पिता हमारा है – 2

1 हम सब हंसा रूप जहां – तन मन का जाल पसारा है – 2
मन तरंग ने भरमाया है – हम जागें पास किनारा है – 2
हमरी डौर जुड़ी ––– जो चले गये –––

2 मानुष जन्म अति अनमोल मिला – महिमां तूने जानी ना – 2
जो सोये सोये चले गये – पाया ना सतगुरू प्यारे को – 2
हमरी डौर जुड़ी ––– जो चले गये –––

3 मधु मक्खी भी जग में आती है – अति प्यारा मधु दे जाती है – 2
कंई रोगों से हम्हें बचाती है – जो जागो तो बात बन जाती है – 2
हमरी डौर जुड़ी ––– जो चले गये –––

4 सीप भी बूंद स्वाति सूं – हम्हें मोती देकर जाती है – 2
वह अंदर का राज़ बता कर के – अपनी महिमां का राज़ दे जाती है – 2
हमरी डौर जुड़ी ––– जो चले गये –––

5 गजमुक्ता बूंद स्वाति सूं – बनता हाथी के कानों में – 2
मनुष्य भी ऐसा प्राणी है – अंदर झांकने से वह डरता है – 2
हमरी डौर जुड़ी ––– जो चले गये –––

6 मृग की नाभी में कस्तूरी है – खुद वन वन डूंडता फिरता है – 2
मानुष भी अति ऐसे सोया पड़ा – भगवन डूंडे फिरता विरानों में – 2
हमरी डौर जुड़ी ––– जो चले गये –––

7 तूं आया जग में जाना ना – हीरा जन्म बारंम्बार मिले – 2
तुम ऋतु अनुसार बदलते हो – सुख दुख भी तुझे भिन्न दिखता है – 2
हमरी डौर जुड़ी ––– जो चले गये –––

8 सागर तट पर रहती एक ऋतु – तुम्हें सागर अंदर पाना है – 2
बिन सतगुरू पाना असंभव है – तुम कितना ज़ोर लगा डालो – 2
हमरी डौर जुड़ी ––– जो चले गये –––

जो चले गये सो संग तेरे – कोई मूल सूं टूट ना पाता है – 2
हमरी डौर जुड़ी सतलौक से – वही तो देश हमारा है – 2

–0–

भजन 73 (भाग 2)

जो चले गये सो संग तेरे – कोई मूल सूं टूट ना पाता है – 2
हमरी डौर जुड़ी सतलौक से – वही तो देश हमारा है – 2
हमरी डौर जुड़ी सतपुरूष से – वही तो पिता हमारा है – 2

1 पूर्ण सतगुरू का जब संग मिले – सागर तट का पास ठिकाना है – 2
सुख दुख अब एक समान लगें – हर ओर सूं प्रेम की महक उठे – 2
हमरी डौर जुड़ी ––– जो चले गये –––

2 आशा तृष्णा का महल भी टूट गया – मन देख के यह सब चकित हुआ – 2
मन की तरंग का अंत हुआ – सुरति तरंग का उद्‌य हुआ – 2
हमरी डौर जुड़ी ––– जो चले गये –––

3 सार नाम की महक हर ओर उठी – अंदर सतगुरू रूप का दर्श मिला – 2
तेरे अपने देख आनंदित हुए – मन माया का संग अब टूट गया – 2
हमरी डौर जुड़ी ––– जो चले गये –––

4 कोई मरा नहीं सब संग तेरे – तुम जागो तो वो भी जागें – 2
वे सुरति सूं हर पल संग तेरे – तुम निजघर वे भी संग तेरे – 2
हमरी डौर जुड़ी ––– जो चले गये –––

5 इक्कतर पीढ़ी तेरी संग तेरे – तेरी महिमां का गुणगान करें – 2
तुम आगे तो वे पीछे हैं – सतगुरू जहाज तुम्हें पार करे – 2
हमरी डौर जुड़ी ––– जो चले गये –––

6 मानुष ही जग में ऐसा है – जो सार नाम बिन प्यासा है – 2
सार नाम में सुरति प्राण धरो – फिर पल में जग सूं पार चलो – 2
हमरी डौर जुड़ी ––– जो चले गये –––

7 सार सब्द सतपुरूष–सुरति है – हंसा को मन से पार करे – 2
कोई विरला सतगुरू पाता है – वह ही तो मौक्ष विधाता है – 2
हमरी डौर जुड़ी ––– जो चले गये –––

8 सतगुरू साहिबन में भेद नहीं – ईक कर्त्ता ईक करवाता है – 2
मानुष को पार लगाने से – सतगुरू की महिमां अपार है – 2
हमरी डौर जुड़ी ––– जो चले गये –––

जो चले गये सो संग तेरे – कोई मूल सूं टूट ना पाता है – 2
हमरी डौर जुड़ी सतलौक से – वही तो देश हमारा है – 2
हमरी डौर जुड़ी सतपुरूष से – वही तो पिता हमारा है – 2

–0–

भजन 74 (भाग 1)

मुझे मेरे साहिबा काम जो दिया है, तेरा शुक्रिया है – 2
मुझे मेरे साहिबा सार नाम जो दिया है, तेरा शुक्रिया है – 2
मुझे मेरे साहिबा अमर प्रेम जो दिया है, तेरा शुक्रिया है – 2

1 ना मिलती अगर मुझे सच्ची दात तेरी
तो कैद कैसे जाती आत्म की मेरी
मन माया का घेरा सार नाम सूं टूटे .... तेरा शुक्रिया है –2

2 सतगुरू महिमां जग ने ना जानी
तो ही तो अपनी महिमां ना पहचानी
नींद है गहरी प्राण अधूरे
तेरा दोष अपना किसी का नहीं है .... तेरा शुक्रिया है –2

3 आषा तृष्णा मिल सुरति को घेरा
सार सब्द तौड़ा मन का ये घेरा
लाखों जन्मों से मन ने आत्म को लूटा
ये भेद सारा हंसा ने ना जाना .... तेरा शुक्रिया है –2

4 फूल जो खिलते उनकी महिमां ना जानी
प्रेम लुटाने की सुरति ना जानी
तूने खिलना ना जाना निज को ना पहचाना
यही भूल तेरी यही भूल तेरी .... तेरा शुक्रिया है –2

5 संतन बिन भव निज तरे ना कोई
हर वृंच सतगुरू संग ही होई
कल कल ने था घेरा
सार नाम ने है तौड़ा .... तेरा शुक्रिया है –2

6 हरि ने सब को कुटुम्ब जाल में घेरा
सतगुरू काटी ये ममता की बेड़ी
कल कल ने था घेरा
सार नाम ने है तौड़ा .... तेरा शुक्रिया है –2

7 हरि तो तजुं सतगुरू ना विसारूं
सार नाम के सम हरि ना ऊचारूं
सतगुरू ने गहरी नींद सूं जगाया
निअक्षर सूं हंसा बनाया .... तेरा शुक्रिया है –2

8 हरि तज डालूं साहिब ना विसारूं
हरि नाम छौड़ सार नाम ऊचारूं
सार नाम की गहरी नींद सूं जगाया
साहिबा गहरी नींद सूं जगाया .... तेरा शुक्रिया है –2

मुझे मेरे साहिबा काम जो दिया है, तेरा शुक्रिया है – 2
मुझे मेरे साहिबा सार नाम जो दिया है, तेरा शुक्रिया है – 2
मुझे मेरे साहिबा अमर प्रेम जो दिया है, तेरा शुक्रिया है – 2

–0–

भजन 75 (भाग 2)

मुझे मेरे साहिबा काम जो दिया है, तेरा शुक्रिया है – 2
मुझे मेरे साहिबा सार नाम जो दिया है, तेरा शुक्रिया है – 2
मुझे मेरे साहिबा अमर प्रेम जो दिया है, तेरा शुक्रिया है – 2

1 निअक्षर जो ध्यावे पूर्ण मौक्ष को पावे
ताका जग सूं पूर्ण लेखा मिट जावे
सुरति में रहकर मूल सुरति को पावे
मूल सुरति को पावे मूल सुरति को पावे .... तेरा शुक्रिया है –2

2 सार सब्द विदेह सरूपा
छिन ईक में हंसा हो रूपा
सतगुरू अंदर दर्श जो पावे
पल ही पल सतपुरूष पा जावे .... तेरा शुक्रिया है –2

3 नाम विदेह कोई विरला ही पावे
सुरत कमल जा निज घर पावे
बिन भेद जाने अन्धी है सुरति
साहिबा तेरा शुक्रिया है .... तेरा शुक्रिया है –2

4 नाम जब पाया थिर हुआ मनवा
सुरति चले तब ध्यावे नामा
आज्ञा चक्र में सुरति सतगुरू संग पावे
साहिबा तेरा शुक्रिया है .... तेरा शुक्रिया है –2

5 सार सब्द है अधर अटारी
असंख्य सतपुरूष उजियारा
मूल सुरति के बनते हंसा कहलाओ
साहिबा हंसा कहलाओ .... तेरा शुक्रिया है –2

6 निअक्षर नाम सतगुरू समझाई
अक्षर भ्रम सब जगत कहाई
अमर लौक मौक्ष का देशा
ये संसार जानो काल का देशा .... तेरा शुक्रिया है –2

7 साहिब जी कृपा करि अपारा
सत सुरति आनंद प्रेम उजियारा
विनती करूं दोनों हाथ जोड़ी
तुम संम प्रेमी और नहीं है
हर पल तुमरी महिमां मैं गाऊं .... तेरा शुक्रिया है –2

मुझे मेरे साहिबा काम जो दिया है, तेरा शुक्रिया है – 2
मुझे मेरे साहिबा सार नाम जो दिया है, तेरा शुक्रिया है – 2
मुझे मेरे साहिबा अमर प्रेम जो दिया है, तेरा शुक्रिया है – 2

–0–

भजन 76 (भाग 1)

सुनो रे भाई – 2 मौक्ष की दात सार नामा – 2
मन माया वश आत्म सुरति – 2 जागो सोए भाई – 2
सुनो रे भाई मौक्ष ———

1 कंई जन्म सूं जीव सोया पड़ा है – 2 गहरी नींद पड़ी – 2
सपने भी माया के लेता – 2 अंधी सुरति मिली – 2 साहिब जी ——

2 जगत जंझाल सब झूठ की सुरति – 2 हो जा इन सूं पार – 2
जिसके बल सूं पार है जाना – 2 वह तो बीच मझदार – 2 साहिब जी ——

3 जग की कथा सब छोड़ छाड़ के – 2 सतगुरू शरणी आ – 2
निज स्वरूप बिन जाने कोई – 2 कैसे उतरे उस पार – 2 साहिब जी ——

4 काम क्रौध मद् लोभ ना जाए – 2 यह सब मन आधार – 2
त्याग विराग श्रद्धा को धार के – 2 बिन सार नाम नहीं पार – 2साहिब जी ——

5 प्रेम को पुरूष सुरति को धूप दे – 2 चित चंचल नाम सार – 2
सील संतोष क्षमा अहिंसा – 2 सेवा जहाज सूं पार – 2 साहिब जी ––

6 भव तरन को अवसर आयो – 2 जाग कर होश में आयो – 2
बहु जन्म के पूर्व पुण्य से – 2 मानुष तन चोला पायो – 2 साहिब जी ––

7 सतगुरू कृपा संत समागम – 2 चरणों संग समायो – 2
वे नाम सतगुरू कृपा कीन्ही–2 कर्म भरम सुरति जौत जगायो–2 साहिब जी ––

8 सार नाम सूं सतगुरू जगायो – 2 सुरति सूं गुण गायो – 2
सतगुरू सच्ची राह चलायो – 2 बिन अवगुण कुछ नांहि – 2 साहिब जी ––

सुनो रे भाई – 2 मौक्ष की दात सार नामा – 2
मन माया वश आत्म सुरति – 2 जागो सोए भाई – 2
सुनो रे भाई मौक्ष –––

–0–

भजन 77 (भाग 2)

सुनो रे भाई – 2 मौक्ष की दात ईक नामा – 2
मन माया वश आत्म सुरति – 2 जागो सोए भाई – 2
सुनो रे भाई मौक्ष ––

1 सब जीव हंसा प्रेम प्यारे – 2 निजघर दर्शन पायो – 2
महिमां साहिबा वर्णन बाहिरा – 2 शब्द कहां से लांऊ – 2 साहिब जी ––

2 अंग अंग चमके जोत सरूपी – 2 लाखों सूर्य शरमाये – 2
साहिबन प्रीति हर जीव सूं – 2 जोत में जोत समाये – 2 साहिब जी ––

3 धरती नांहि अंबर नांहि – 2 वह देश उस पारा – 2
हर हंसा अंग साहिबन का जानो – 2 सुरति सूं देत पुकारा – 2 साहिब जी

4 सुनो भाई साधो महिमां अपरम्पारा – 2 सुनो भाई साधो महिमां अपरम्पारा
प्यारो मानो कहा हमारा – 2 सार नाम जहाज सूं होत पारा – 2 साहिब जी

5 सार नाम सूं अमृत वर्षा – 2 सुरति सूं पार लगायो – 2
बूंद बिछड़ी आद की है – 2 सागर में जा समायो – 2 साहिब जी ––

6 सात द्वीप नौ खंड तहां ना – 2 ना जाना कोई हंसा – 2
धुंधकार वहां सुन्न है नांहि – 2 नहीं कोई बहता पानी – 2 साहिब जी ––

7 दस अवतार वहां कुछ नांहि – 2 रचियो पिण्ड प्रकाशा – 2
सूर्य चांद तारा वहां नांहि – 2 एक सी ऋतु उस पारा – 2 साहिब जी ––

8 ना कोई चलते हिलता वहां पर – 2 मीन पपील नहीं चाल – 2
बिन बादल तहां वर्षा होती – 2 सुरति विहंगम चाल – 2 साहिब जी –

सुनो रे भाई – 2 मौक्ष की दात ईक नामा – 2
मन माया वश आत्म सुरति – 2 जागो सोए भाई – 2
सुनो रे भाई मौक्ष ———

—0—

भजन 78 (विषय प्रेम) (भाग 3)

सुनो रे भाई – मौक्ष की दात प्रेम नामा – 2
मन माया वश तीन लौक हैं – 2 सुरति जगाओ भाई – 2 साहिब जी ——

1 जब लग पीड़ पराई जानो – प्रेम ना उपझे कोए – 2
कौटि बंदगी कर्म धर्म सूं – छूटे ना बंधन कोए – 2 साहिब जी ——
2 सुरति में विरह ना जागे भाई – बाहिर को करे पुकार – 2
यही तो भटकन जीव की प्यारो – कैसे खुले मौक्ष किवाड़ – 2 साहिब जी ——
3 आत्म कुंवारी हो जाए तो – साहिब सूं मिले सो बार – 2
दोनों ईक मिक हो जाते जब – बहती प्रेम की धार – 2 साहिब जी ——
4 प्रेम तो उपझे आत्म सुरति सूं – विरह सूं सुरति बहत – 2
साहिब सूं प्रीति जब हो जाए – प्राणों में प्राण आधार – 2 साहिब जी ——
5 हर घट हंसा प्रेम का सागर – मन का घट नांहि – 2
साधो शुभ दिन शुभ घड़ी वह – मन प्रेम बिन कुछ नांहि – 2 साहिब जी ——
6 सुरति निरति मिल जाने पर – मूल सुरति प्रीत की धार बन जाए – 2
उल्टि स्वांसा हो जाने पर – तन भी सुन्न हो जाए – 2 साहिब जी ——
7 अब धारा ही राधा (सुरति) बन गई – चली शिव नेत्र पार – 2
आत्म हंसा हो गई प्यारो – लगन मंडल उस पार – 2 साहिब जी ——
8 यही विधि मोरा हंसा आज्ञा चक्र में – दर्श किया सरकारा – 2
सतगुरू संग ले चलें अपने – सुरत कमल दरबारा – 2 साहिब जी ——
9 यही विधि मोरा हंसा सुरत कमल में – चरणन शीष दिया डाल – 2
घुंघरूं ताल ऐसी बाजी – खुल गये सभी किवाड़ – 2 साहिब जी ——

सुनो रे भाई – मौक्ष की दात प्रेम नामा – 2
मन माया वश तीन लौक हैं – 2 सुरति जगाओ भाई – 2 साहिब जी ——

—0—

भजन 79 (भाग 4)

सुनो रे भाई – मौक्ष की दात प्रेम नामा – 2
मन माया वश तीन लौक हैं – 2 सुरति जगाओ भाई – 2 साहिब जी ––

1 सतगुरू चरणन खो गये पल में – महां ज्योति भंडार – 2
सौलहं सूर्य ज्योति को धारा – साहिबन संग साहिब दरबार – 2 साहिब जी
2 राम शरीका राम है प्यारो – दूजा नहीं कोए – 2
अंदर बाहिर अब राम बिन नांहि – दूजा बचा ना कोए – 2 साहिब जी –
3 मीरा खोकर कह गई जग को – ढूंढो मुझे मैं खोई – 2
पायल नांहि घुंघरू नांहि – ले चली छम छम चाल – 2 साहिब जी ––
4 ऐसी सुरति जब बन जाए – साहिबन संग निज साथ – 2
अब घर खाली हो गया साधो – साहिबन भरा छिन आप – 2 साहिब जी ––
5 सुरति निरति मन पवना – मिल के बने ईक तार – 2
अब तो कुछ भी और ना चाहे – सब सारन का सार – 2 साहिब जी ––
6 एक ही तो निजधाम है प्यारो – सार नाम की तार – 2
सार नाम में सब समाया – डूब के जाता पार – 2 साहिब जी ––

सुनो रे भाई – मौक्ष की दात प्रेम नामा – 2
मन माया वश तीन लौक हैं – 2 सुरति जगाओ भाई – 2 साहिब जी ––

–0–

भजन 80 (भाग 5)

सुनो रे भाई – मौक्ष की दात मूल नामा – 2
मन माया वश तीन लौक हैं – 2 सुरति जगाओ भाई – 2 साहिब जी ––

1 प्रेम निशानी मौत की – मर कर इसे करो पार – 2
बिन मरे इस का भेद नांहि – मरते ही प्रेम की तार – 2 साहिब जी ––
2 मरने के नाम सूं जग डर जाता – यही तो बड़ी भूल – 2
बिन मरे इसे पावे नांहि – कौटि कर्मन भूल – 2 साहिब जी ––
3 सोया जीव ना जाने प्रेम को – वह करता जग बात – 2
अंदर सूं मन प्रेम ना है – करता जीवन घात – 2 साहिब जी ––

4 सार दात पाये बिना – मन का छूटे ना साथ – 2
आत्म ना हंसा हो सके – प्रेम की कैसी बिसात – 2 साहिब जी ––
5 प्रेम बिन मरना ना हो सके – सार नाम बिन बने ना बात – 2
मरिये तो मर जाये – तन छूटे तो बने ये बात – 2 साहिब जी ––
6 प्रेम सागर अथाह है – इसे डूब के करयो पार – 2
जो डूब गया सो पा गया – बिन डूबे विच मझेदार – 2 साहिब जी ––

सुनो रे भाई – मौक्ष की दात मूल नामा – 2
मन माया वश तीन लौक हैं – 2 सुरति जगाओ भाई – 2 साहिब जी ––

–0–

भजन 81 (भाग 6)

सुनो रे भाई मौक्ष की दात मूल नामा – 2
मन माया वश हंसा सुरति – 2 सुरति जगाओ भाई – 2

1 आकर सत्संग सार रस पाओ – 2 संतन दर्शन सूं पार – 2
उनके नेत्र सतपुरूष समाई –2 रज रज ज्योत वास उर आई – 2 साहिब जी –
2 जब तक विरह ना उपझे प्यारो – 2 तब लग प्रेम नांहि – 2
जब तक सुरति प्रेम ना सींचरे – 2 नेत्र अश्विन नांहि – 2 साहिब जी ––
3 सार नाम सूं प्रीती करें यूं – 2 जैसे नाद कुरंग – 2
उस में ऐसे डूब मरो तुम – 2 जैसे चातक स्वाति बूंद – 2 साहिब जी ––
4 हंसा माला प्रेम की पहनो – 2 देखें साहिब उस पार – 2
यह माला है नाम की सुरति – 2 विरह में पहनी जाए – 2 साहिब जी ––
5 नैनन सूं अश्विन की धारा – 2 देती महां प्रेम संदेश – 2 साहिब जी
विरह अश्विन बहती धारा – 2 देती प्रेम संदेश – 2 साहिब जी ––
6 अश्विना धारा प्रेम का धागा – 2 मत तोड़ो ये तार – 2
टूटे फिर जुड़ेगी कैसे – 2 यह तो बहती धार – 2 साहिब जी ––
7 प्रेम बिन कुछ है नहीं कहीं पर – 2 प्रेम ही प्रेम चहुं ओर – 2
तुम कमल समान खिलो तो – 2 कीचड़ की होत पहचान – 2 साहिब जी ––

सुनो रे भाई मौक्ष की दात मूल नामा – 2
मन माया वश हंसा सुरति – 2 सुरति जगाओ भाई – 2

–0–

भजन 82 (भाग 7)

सुनो रे भाई मौक्ष की दात सब्द नामा – 2
मन माया वश हंसा सुरति – 2 सुरति जगाओ भाई – 2

1 बिन कीचड़ तुम कमल ना जानो – 2 तांहि से प्रकटे प्रेम – 2
अमर लौक बिन प्रेम कुछ नहीं – 2 नहीं प्रेम बिन नाम – 2 साहिब जी ––
2 तुम सूं तुम खो गये हो – 2 कैसे उपझे प्रेम की तान – 2
प्रेम ही सीढ़ी हंसा होना – 2 चड़ो तो सुन लो तान – 2 साहिब जी ––
3 प्रेम ही पूर्ण सार नाम है – 2 निज धाम फूलों की वास – 2
तुम तो कली, कली ही रह गये –2 कैसे प्रकटे फूलों की वास –2 साहिब जी –
4 तेरा अंदर जगमग हो तो – 2 कचरा राख बने – 2
प्रेम ज्योत सार नाम सूं – 2 महां प्रेम जोत बने – 2 साहिब जी ––
5 प्रेम धार महां सागर में समा कर – 2 महां सागर हो जाए – 2
बिन डूबे ये पार हो कैसे – 2 डूब के पार हो जाए – 2 साहिब जी ––
6 प्रेम तो ऐसी दात है प्यारो – 2 शब्दों में कैसे समाए – 2
यह तो सुरति बहती धारा – 2 मुख मन में ना आए – 2 साहिब जी ––

सुनो रे भाई मौक्ष की दात सब्द नामा – 2
मन माया वश हंसा सुरति – 2 सुरति जगाओ भाई – 2

–0–

भजन 83 (भाग 8)

सुनो रे भाई मौक्ष की दात सब्द नामा – 2
मन माया वश आत्म सुरति – सुरति को जानो भाई – 2

1 आत्म राज दुलारी छः तन तज चल दी – विहंगम चाल सूं पार – 2
सार नाम की दात सूं प्यारो – जा पहुंची दरबार – 2 साहिब जी ––
2 सब हंसा ने घेर लिया आकर – (मीरा) क्यों करी इतनी देर – 2
जब कोई हंसा निज घर पहुंचे – सुरति का गूंझे नाद– 2 साहिब जी ––
3 अमृत की तहां वर्षा होती – भीगें सुरति अंग – 2
साहिब जो मिलते प्यार सूं प्यारो – प्यार की होती बरसात – 2 साहिब जी ––
4 जब कोई जाता निज घर अपने – सुध ना रहे यह देह – 2
पांच तत्व गुण तीन संग ना – ऐसा सब्द विदेह – 2 साहिब जी ––

5 सब्द बिन है सुरति अंधी – राह ना पावे कोए – 2
सब्द हमारा तूं भी सब्दे – सतगुरू सूं ले लो यह – 2 साहिब जी ––
6 निह तत्व भेद गुप्त है प्यारो – पांच तीन से बाहर – 2
सार नाम निज मंत्र है प्यारो – शेष मंत्र सब छार – 2 साहिब जी ––
7 तप साधन कोई काम ना आवें – केवल नाम आधार – 2
नाम प्रेम है दुर्लभ प्यारो – यही मौक्ष आधार – 2 साहिब जी ––

सुनो रे भाई मौक्ष की दात सब्द नामा – 2
मन माया वश आत्म सुरति – सुरति को जानो भाई – 2

–0–

भजन 84 (भाग 9)

सुनो रे भाई मौक्ष की दात सुरति नामा – 2
मन माया वश आत्म सुरति – सुरति को जानो भाई – 2

1 सुरति मूल ठिकाना भाई – पिंड ब्रह्मण्ड से पार – 2
सतगुरू जोहरी भेद बतावें – घाट घाट भेद सूं पार – 2 साहिब जी ––
2 निःअक्षर दात कोई विरला जाने – सार सब्द इक बाण – 2
सुरति डौर को सूक्ष्म जानो – सुरति निरति संग प्राण – 2 साहिब जी ––
3 संतों संग समाधि भली है – दिन दिन आगे चली – 2
जंह जंह डौली पैकरमा जानी – जो करो सो पूजा लागी – 2 साहिब जी ––
4 गृह उजाड़ एक सम देखो – भाव मिटावो दूजा – 2
आंख ना मूंदो द्वार ना रोको –बिन साहिब दिखे ना दूजा – 2 साहिब जी ––
5 सहज लौक तक काल का देशा – यह भी जानो परला देश – 2
आगे अमर लौक है भाई – आदि पुरूष का सच्चा देश – 2 साहिब जी ––
6 सुरति जाए सब्द में समावे – निर्भय साधक कहवे – 2
तज दे धरती आकाश प्यारे – उधर में प्रेम समावे – 2 साहिब जी ––
7 सार नाम की मुक्ति शिला पर – (सुरति) आसन अचल बधांवे – 2
सदा आनंदित, दुख सूं न्यारा – जीवत मौक्ष दिलावे – 2 साहिब जी ––

सुनो रे भाई मौक्ष की दात सुरति नामा – 2
मन माया वश आत्म सुरति – सुरति को जानो भाई – 2

–0–

भजन 85 (भाग 10)

सुनो रे भाई मौक्ष की दात सुरति नामा – 2
मन माया वश आत्म सुरति – सुरति को जानो भाई – 2

1 सतगुरू सोई पूरा न्यारो – जीवत मौक्ष दिलावे – 2
उठत बैठत कबहूं ना छूटे – ऐसी ताड़ी लग जावे – 2 साहिब जी ––
2 बिन सतगुरू भक्ति भेद ना पावे – भरम जले संसारा – 2
कहें साहिब जी सुनो भाई साधो – मानो कहा हमारा – 2 साहिब जी ––
3 जहां पांच तत्व नांहि – वहां प्रलय हो कैसे – 2
काया भी नांहि, मन भी नांहि – फिर प्रलय हो कैसे – 2 साहिब जी ––
4 जीव स्वंय को तन है मानता – यही है उसकी भूल – 2
आत्म को स्वंय सूं बिन है मानता – यही है हमरी भूल – 2 साहिब जी ––
5 जंहलग बाणी मन मुख सूं – तंहलग काल का जाल – 2
तीन लौक परे जो सब्द हैं – सौ सतगुरू के पास – 2 साहिब जी ––
6 हर हंसा सतलौक में – अति व्यस्त हर पल जान – 2
हर लौक की खबर रखें – हर प्राणी की पहचान – 2 साहिब जी ––
7 हंसा अकारा से बाहर – सुमिरे निःअक्षर सार – 2
तीत नाद अति आनंदित – सत्य लौक विस्तार – 2 साहिब जी ––

सुनो रे भाई मौक्ष की दात सुरति नामा – 2
मन माया वश आत्म सुरति – सुरति को जानो भाई – 2

–0–

भजन 86 (भाग 11)

सुनो रे भाई मौक्ष की दात विदेह नामा – 2
मन माया वश आत्म सुरति – सुरति को जानो भाई – 2

1 तहां हर सुरति लगावहीं – सार नाम में रहे समाये – 2
निराधार आधार है – सुरति में रहे समाये – 2 साहिब जी ––
2 अनंत सूर्य प्रकाश है – जब देखोगे तुम जाए – 2
एक सी ऋतु हर दम रहती – विहंगम चाल चली जाऐ – 2 साहिब जी ––

3 चौथा समर्थ लौक है – ताका करो विचार – 2
कोई नहीं तुम से पूछता – उपझे खपे विचार – 2 साहिब जी ––
4 सुरत निरत पर ध्यान दो – अंदर सुरति समाये – 2
सब करनी सतपुरूषकी – सुरति रहे ठहराय – 2 साहिब जी ––
5 निह तत्व भेद यह गुप्त है – पांच तीन से न्यार – 2
निह तत्वी जो हंस बने – जाय साहिब दरबार – 2 साहिब जी ––
6 दासा ताको जानिये – जाकी सुरत रहे पूर्ण दास – 2
सुरति सूं सब कर्म करे – मिटे काल की त्रास – 2 साहिब जी ––

सुनो रे भाई मौक्ष की दात विदेह नामा – 2
मन माया वश आत्म सुरति – सुरति को जानो भाई – 2

–0–

भजन 87 (भाग 12)

सुनो रे भाई मौक्ष की दात विदेह नामा – 2
मन माया वश आत्म सुरति – सुरति को जानो भाई – 2

1 नाम स्नेही हंसा बने – पकड़े सतगुरू डौर – 2
निरखो संतन नाम सुरत से – चल निज घर की ओर – 2 साहिब जी ––
2 आदि नाम निज मंत्र ही – और मंत्र सब छार – 2
कहें साहिब सार नाम बिन – जल मरा संसार – 2 साहिब जी ––
3 सुरत समावे सार नाम में – सब जग सोवत होए – 2
अंदर की आंख दर्शन करे – अंदर में अब सोए – 2 साहिब जी ––
4 सत्य सब्द जपो मंत्र है – चित को देवे मार – 2
निह अक्षर पर मंत्र है – सकल मंत्र को राज – 2 साहिब जी ––
5 सार सब्द में थिर रहो – अस्थिर तील लौक संसार – 2
सतगुरू सुरति में रहो – पल में छूटे संसार – 2 साहिब जी ––
6 सब्द हमारा सत्य है – अनुभव सूं करो विश्वास – 2
बिन सतगुरू के ध्यान के – काल का ना छूटे साथ – 2 साहिब जी ––
7 सार नाम जाना नहीं – अनमोल जन्म गंवाया – 2
जग की माया छूटे नांहि – मन ने ऐसा भरमाया – 2 साहिब जी ––

सुनो रे भाई मौक्ष की दात विदेह नामा – 2
मन माया वश आत्म सुरति – सुरति को जानो भाई – 2

–0–

भजन 88 (भाग 13)

सुनो रे भाई मौक्ष की दात सार नामा – 2
मन माया वश आत्म सुरति – सुरति को जानो भाई – 2

1 पिंड ब्रह्मण्ड से उस पार है – सतपुरूष लौक निजधाम – 2
सतगुरू सूं जो दात को पाऐ – वह ही पहुंचे निजधाम – 2 साहिब जी ––
2 नहिं उत्पति नांहि ता प्रलय – ना जन्म मरण सतावे – 2
रात दिन से बिना है – तहां ना नींद सतावे – 2 साहिब जी ––
3 ना कुछ आवे ना कुछ जावे – नांहि प्रलय सतावे – 2
वहां केवल बस्ति ही बस्ति – मरघट नाम तान सतावे – 2 साहिब जी ––
4 संत कौटि बैठे जहां – ज्ञानी लख करोड़ – 2
सार सब्द में जो रती रहे – सो विरला कोई वीर – 2 साहिब जी ––
5 सतपुरूष सब की पहचान रखें – उस आन सौंपें काम – 2
भौगता अनुसार सब काम करें – सब का भिन्न भिन्न काम – 2 साहिब जी ––
6 अच्छा बुरा कोई है नांहि – एक सा है व्योवहार – 2
प्रेम की डौर सूं बांधे सभी – एक सूं करते प्यार – 2 साहिब जी ––
7 हर हंसा सुरति से करें सब काम – सुरति सूं जोड़ी सब तार – 2
सब की सुरति सूं सब से पहचान है – सुरति सूं सुरति की तार – 2साहिब जी –

सुनो रे भाई मौक्ष की दात सार नामा – 2
मन माया वश आत्म सुरति – सुरति को जानो भाई – 2

–0–

भजन 89

सतलौक ज्ञान सभी जग को बतला दिया साहिबा प्यारे ने – 2
जो जाग गया सो पाएगा सार नाम ही पार लगाएगा – 2

1 सतगुरू सक्षम परमहंस प्यारे – 26 जनवरी (2016) पहुंचे निजधाम
विहंगम चाल से परमहंस चलते – वेनाम भी थे संग साथ निजधाम ।
सतपुरूष कृपा सूं हम चले – जा पहुंचे निजधाम ।।

2 सक्षम परमहंस साहिबन संग रहे – वे नाम चले सैल निजधाम
वे नाम पल छिन तीन लौक में – परमहंस पहुंचे बजे जब तीन ।
वे नाम रूप में दर्श दिए – सतपुरूष की महिमां महान ।।

3 वे नाम जब निजघर गए –सतपुरूष आगे दास संग पीछे था
परमहंस सक्षम जब निजधाम चले – वे आगे दास संग पीछे था ।
वे वेनाम सूं आगे हो गए – सतपुरूष की कैसी मेहर हुई ।।

4 वे नाम जी पाया सुरति सूं – सतगुरू पूर्ण जग में आ गए
वे नाम जी केवल दासा हैं – चरण धुली बनने की आशा है ।
वे ही जगत जगावन हारे हैं – सतपुरूष की आंख के तारे हैं ।।

5 वे नाम का यही बस कहना है – सतगुरू सेवा में रहना है
हर पल उनका तुम ध्यान धरो – जब सार नाम में प्राण भरो ।
वह विहंगम चाल सूं आते हैं – तेरे सोए भाग जगाते हैं ।।

6 अब दूजे साहिब जी प्रकट हुए – छे वर्ष से कम निजधाम गए
साहिब सतपुरूष कृपा सूं आए हैं – निजधाम में ले जाने को ।
यह भेद दिया वेनाम प्यारे ने – निजधाम के जानन हारे ने ।।

7 अब काल जाल की कैद गई – आत्म की सारी मैल धुली
विहंगम चाल को मत भूलो – मीन पपील चाल सूं न्यारी है ।
जो सतगुरू सब्द पे ध्यान धरे – विहंगम चाल सूं निजधाम चले ।।

8 सतगुरू कृपा अति महान है – कोई बिरला पावे दात
मन माया तजना अति कठिन है – तजो तो बन जाए बात ।
सतगुरू चरणन की धूल को – तीन लौक से जानो महान ।
कोइ विरला जाने भेद प्यारा – 'वे नाम' दास सूं तूं जान ।।

सतलौक ज्ञान सभी जग को बतला दिया साहिबा प्यारे ने – 2
जो जाग गया सो पाएगा सार नाम ही पार लगाएगा – 2

–0–

अमर लौक भेद (अठतालिसा)

1 बिन पग चले – सुने बिन काना
2 कर विधि कर्म – करे अति नाना
3 बिन मुख बोले – बोल अति नाना
4 खेल इस मन का – पूर्ण ना जाना
5 मत अभी जानो – आत्म हुई हंसा
6 मन संग तार – छूटी मत जानो
7 सुरति भेद – जब तक ना पाया
8 मन की तार – छूटी मत जानो
9 सार नाम बिन – आत्म नहीं हंसा
10 विहंगम चाल सूं – हंसा है चलता
11 मीन पपील चाल सूं – अति अनोखी
12 पल में हंसा – महां सुन्न सूं पारा
13 सतगुरू कृपा सूं – चाल को पाओ
14 मीन पपील चाल – तुम भूल जाओ
15 सार नाम – आत्म करे हंसा
16 विहंगम चाल सूं – हंसा है चलता
17 मिले चाल होए – सुन्न से पारा
18 तभी कहलाए – सतगुरू का प्यारा
19 मन जब छूटे – सुरति जग जाए
20 हर पल सब्द – प्राण सुरति में समाए
21 अब ही शिष्य – निज को जाने
22 तभी वो निज को – जागा माने
23 काल जाल का – बंधन छूटा
24 जन्म मरण का – कलषा फूटा

25 सतगुरू कृपा सूं – निजघर को जांए ।
26 परमहंसा संग – रास रचाएं ।
27 अमरधाम ही है – सत्त का देसा ।
28 गीता भी है – देती संदेसा ।
29 पंद्रवें अध्याय का – छटा श्लौका ।
30 कृष्ण भी निजधाम का – देते संदेसा ।
31 अमरलौक ही – सतपुरूष स्वरूपा ।
32 पहुंचो निजघर – जानो परम स्वरूपा ।
33 ईक ईक अंग की – महिमां जानो ।
34 अपना स्वरूप भी – उनका ही जानो ।
35 पूर्ण सत्तगुरू – रूप को धारो ।
36 उसी रूप को – देख देख न्यारो ।
37 परमहंसा का – रूप मिले जब ।
38 तभी वह – निज रूप को धारे ।
39 वहीं रहो या – इस जग में आओ ।
40 इस का वह कुछ – भेद ना देते ।
41 इस जग आओ – परमहंस कहलाओ ।
42 सार सब्द की – दात को पाओ ।
43 निज को तुम – दासा कर जानो ।
44 जग में बुरा – किसी को मत मानो ।
45 'वे नाम' का केवल – संदेसा है इतना ।
46 जीवित मरना – भव जल तरना ।
47 इस पल में तुम – इस पल में रहना ।
48 सब हैं अपने – कोई ना बैग़ाना ।।

.....''वे नाम का कहा बस इतना मानो
सब को जग में सतपुरूष ही जानो''

–0–

भजन संग्रह संस्करण 2

क्रम	भजन	भाग	पृष्ठ
1	क्यूं अकेला छोड़	1	1
2	क्यूं अकेला छोड़	2	2
3	सब्द सब्द सब कोई	—	3
4	अव्वल संत कबीर	1	4
5	अव्वल संत कबीर	2	5
6	जीवन का मैनें	1	6
7	जीवन का मैनें	2	7
8	क्यूं छोड़ा हंसों को	1	8
9	क्यूं छोडा हसों को	2	9
10	हम वासी उस देश	—	11
11	धन्य धरि सोहि	—	12
12	हंसा क्या उमर तुम्हारी	—	13
13	अनहद नाद उठे	1	14
14	अनहद नाद उठे	2	15
15	क्यूं नहीं तुम	1	16
16	क्यूं नहीं तुम	2	17
17	गीता का ज्ञान	1	18
18	सत्तलौक का ज्ञान	2	19
19	ये दुनियां है धोखा	1	20
20	ये दुनियां है धोखा	2	21
21	ये मन माया तो एक	—	22
22	ये समय जो बीत	—	23
23	चरण बिना मोहे	1	24
24	चरण बिना मोहे	2	25

क्रम	भजन	भाग	पृष्ठ
25	चरण बिना मोहे	3	25
26	चरण बिना मोहे	4	26
27	चरण बिना मोहे	5	27
28	गीता रहस्य	—	27
29	ना लो सपने	—	28
30	सतनाम जपा कर भाई	1	30
31	सतनाम जपा कर भाई	2	31
32	सतनाम जपा कर भाई	3	32
33	ओ मेरे साहिबा	—	32
34	सार नाम की अमृत	—	33
35	सुन लो जगत के	—	34
36	सुरति से मन को	1	36
37	सुरति से मन को	2	37
38	सतनाम को सुरति	1	38
39	सतनाम को सुरति	2	39
40	सतनाम को सुरति	3	40
41	सार नाम सुरति	1	41
42	सार नाम सुरति	2	42
43	सुनो संत प्यारे	—	43
44	अब जागो सोए हंस	—	45
45	तेरे अन्दर अमृत	—	45
46	ये माला है नाम	—	46
47	ओ सतगुरू साहिब प्यारे	—	46
48	सुनो रे मेरे प्यारो	1	47
49	सुनो रे मेरे प्यारो	2	48

क्रम	भजन	भाग	पृष्ठ
50	क्यूं अकेले फिर	—	49
51	ओ मेरे साहिबा	1	51
52	ओ मेरे साहिबा	2	52
53	कुछ ऐसी करनी	—	53
54	मैनें अपनी 'मै'	—	54
55	मन में जो डालो	1	55
56	मन में जो डालो	2	56
57	ओ मेरे साहिबा तुझ	—	58
58	बिन देखे मुझे चैन	—	59
59	स्मिरण कैसे हो सार	—	60
60	मैं पहुंचा संग दरबार	1	61
61	मैं पहुंचा संग दरबार	2	62
62	मैं पहुंचा संग दरबार	3	63
63	मैं पहुंचा संग दरबार	4	64
64	मैं पहुंचा संग दरबार	5	65
65	मैं पहुंचा संग दरबार	6	66
66	पायो जी मैनें	1	67
67	पायो जी मैनें	2	68
68	मुझे मेरे प्यारे	1	69
69	मुझे मेरे साहिबा	2	70
70	कौन कहता है	1	71
71	कौन कहता है	2	72
72	जो चले गये	1	73
73	जो चले गये	2	74
74	ओ मेरे साहिबा	1	76

क्रम	भजन	भाग	पृष्ठ
75	ओ मेरे साहिबा	2	77
76	सुनो रे भाई मौक्ष	1	78
77	सुनो रे भाई मौक्ष	2	79
78	सुनो रे भाई मौक्ष	3	80
79	सुनो रे भाई मौक्ष	4	81
80	सुनो रे भाई मौक्ष	5	81
81	सुनो रे भाई मौक्ष	6	82
82	सुनो रे भाई मौक्ष	7	83
83	सुनो रे भाई मौक्ष	8	83
84	सुनो रे भाई मौक्ष	9	84
85	सुनो रे भाई मौक्ष	10	85
86	सुनो रे भाई मौक्ष	11	85
87	सुनो रे भाई मौक्ष	12	86
88	सुनो रे भाई मौक्ष	13	87
89	सतलौक का ज्ञान	—	87
90	अमरलौक भेद	—	89

—प्रस्तावना—

✍ आध्यात्म की दुनियां, जब से सृष्टि् बनी है तभी से जिज्ञासु—जन इस दुनियां को जानने को उत्सुक हैं, वह दुनियां जिसे हम आध्यात्म या रूहानियत, जो सृष्टि्—रचियता को जानने की जिज्ञासा, उस रचियता को मानने या ना मानने वाले दोनों की कोतूहल का विषय रही । इतनी ढेर सारी मान्यतांए, धर्म रहनुमाओं, अवतारों, पैग़म्बरों जिनका वर्णन अलग—अलग धर्म—ग्रन्थों,शास्त्रों,उपनिषदों में असंख्य गिनती में विद्यमान है, यह सारे आराध्य एक सीमा तक (निराकार—भगवान) की सृष्टि् तक सीमित हैं । मगर हमारे संत सतगुरू 'श्री वे नाम जी' व अनेक संतों ने जिनमें संत श्री मधु परमहंस जी, संत कबीर साहिब जी, संत रविदास जी, संत दादू दयाल जी आदि संतों ने उस परमपिता परमेश्वर को जिसे साहिब नाम से पुकारा गया, को इस निराकार की सीमा से उपर बताया है, जैसे कि सभी धर्मों के ग्रन्थ व पुस्तकें एकमत हैं कि ईश्वर एक है (गाड इज़ वन) और संतों अनुसार वो मालिक, ईश्वर, निराकार की सत्ता से अलग, मौक्ष—दाता, साहिब नाम या सत्तपुरूष नाम से सम्बोधित किए गये । निराकार की भक्ति करने तक स्वर्ग (कुछ काल तक मुक्ति) और फिर जीवन, जबकि साहिब भक्ति से मौक्ष (गर्भ से सदा सदा के लिए छुटकारा) मिलता है ।

✍

संत सतगुरू 'श्री वे नाम जी' उन्हीं साहिब सतपुरूष महिमां का गुणगान व प्रचार करते हैं। सतगुरू जी ने आध्यात्मिक व रूहानी सफ़रनामों के अनुभवों को भजनों के रूप में अपने 'साहिब सत्तपुरूष महिमां' के प्रथम संस्करण में कलम बद्ध तो किया ही था, परन्तु इसके बाद के अनेकों अनुभवों और साहिब सत्तपुरूष सत्ता की महिमां और दात का वर्णन जिससे कि रूहानियत के प्रति जागरूक व इच्छुक जिज्ञासु जन इसका भरपूर लाभ उठा कर मौक्ष को प्राप्त हो सकें, इसका पूरा सारांश उन्होंने अपने इस ''साहिब सत्तपुरूष महिमां'' के द्वित्य संस्करण में भी 'साहिब सतपुरूष जी' की सुरति द्वारा बड़ा अदभुद वर्णन किया है, ताकि सम्पूर्ण मानव समाज इन भजनों को पढ़ के साहिब महिमां को समझे, जाने और जन्म मरण के बंधन से मुक्त होके पूर्ण मौक्ष को प्राप्त हो सके ।

नोट :— सत्तगुरू परमपूजनीय संत परमहंस श्री 'वे नाम जी' के आध्यात्मिकता से भरपूर अनुभवों की अमृत वर्षा को ग्रहण करने के लिए उनकी सुरति द्वारा लिखित एक अदभुद ग्रंथ ''मूल सागर'' आप सब पाठकों और साधकों के समक्ष उन्होंने प्रस्तुत किया है, इस अनमोल दात को ग्रहण कर अपना ये जीवन सार्थक करें ।

मानव की अंतिम या़त्रा का भेद

अंत काल जब जीव का आवे
यथा कर्म वह देही पावे

1 गुद्धा द्वार से जीव निकासा
नर्क योनि में पावे वासा

2 नाभी–द्वार से जीव जब जाए
जलचर–योनि में वासा पाए

3 मुख–द्वार से जीव जब जाए
अन्न–खानी में प्रकटाए

4 श्वांसा–द्वार से जीव जब जाए
अण्डज–खानी में प्रकटाए

5 नेत्र–द्वार से जीव जब जाए
मक्खी–मच्छर आदि तन को पाए

6 श्रवण–द्वार से जीव जब जाए
प्रेत योनि में तुरन्त वासा पाए

7 दशम–द्वार से जीव जब जाए
स्वर्ग–लौक में वासा पाए
राजा हो के जग में आए

8 ग्यारवें–द्वार से जीव जब जाता
परम–पुरूष के लौक समाता
बहुरी ना ईस भव–सागर आता
फिर नांहि गर्भ में समाता ।।

''कहे कबीर सुनो भई साधो :–
ग्यारवें–द्वार का भेद सुरत–सब्द में रहता
बिन पूर्ण–संत कोई भेद ना पाता
पूर्ण–संत जो साहिब को पाता
वही सार–सब्द का भेद है पाता
सार–सब्द सत्तपुरूष का वासा''

–0–